हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 24 मई 2025



# स्वच्छता सर्वेक्षण के बाद वही ढर्रा, ठेके वाले वार्डों में बदहाल सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण होने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते सफाई बदहाल नजर आ रही है। हालांकि नगर निगम आयुक्त द्वारा प्रतिदिन सुबह अलग-अलग वार्डों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है, लेकिन शहर के बीच से लेकर दूरस्थ वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। इर्द-गिर्द कचरे का ढ़ेर पड़ा हुआ है। शहर के गोल बाजार क्षेत्र से लेकर गांधी चौक कुएं के समीप, चौपाटी रोड, रानीसागर रोड, पेंड्री, बसंतपुर, रामनगर, हाट बाजार, नंदई, लखोली जैसे क्षेत्रों में कचरे नजर आ रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कुछ दिन पहले ही शहर को साफ रखने नगर निगम का अमला दिन-रात जुटा रहा और हर जगह साफ-सफाई कराई जा रही थी। कर्मचारी सुबह से ही वार्डों में सफाई अभियान में लग जाते थे, जहां-जहां कचरा नजर आता था, उसकी सफाई तत्काल की जाती थी, लेकिन अब फिर से शहर में चारों ओर कचरा नजर आ रहा है। सफाई कर्मी ठीक से काम नहीं कर रहे, इसीलिए जगह-जगह कचरा दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि यह सफाई सिर्फ स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए ही होती है।

## जनप्रतिनिधि ही कर रहे ठेकों का संचालन, यही वजहः नहीं हो पा रही कोई कार्रवाई

### नागरिकों का अहम योगदान

शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए केवल नगर निगम ही नहीं, बल्कि यहां के नागरिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। घरों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन से घर से निकलने वाले कचरे का निपटारा हो रहा है, लेकिन ठेले-खोमचों पर दुकान लगाने वाले रात को आसपास ही कचरा फेंककर चले जाते हैं। रानीसागर-चौपाटी रोड के समीप लगने वाले दुकानों के कचरे ऊर्जा पार्क के सामने डाल दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की सुंदरता बिगड़ रही है। वहीं कचरे से बदबू भी आ रही है।



### बारिश में संक्रमण का खतरा

चंद दिनों में ही मानसून सक्रिय होते ही बारिश की शुरूआत हो जाएगी। ऐसे में बीमारियों के बढ़ने की संभावना भी रहती है। शहर की बेहतर साफ-सफाई नहीं होने के चलते संक्रामक बीमारियों को फैलने में देर नहीं लगेगी। इसके बावजूद ठेकेदारों द्वारा वार्डों की सफाई को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। वार्डों में सफाई व्यवस्था के मॉनिटरिंग स्वयं ठेकेदार नहीं करते हैं। शहर के अधिकांश वार्ड की सफाई का ठेका किसी और के नाम पर है और काम कोई और कर रहा है।

### सर्वे के दौरान सफाई

स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर जिस तरह से सफाई अभियान चलाया गया, उस स्तर के आसपास ही सफाई हो जाए तो भी शहर स्वच्छ नजर आएगा। सर्वेक्षण टीम के रहते शहर काफी साफ दिखाई दिया, लेकिन अब कई जगह कचरों का ढ़ेर नजर आ रहा है।

### कचरा फेंकने वालों पर होगा जुर्माना

लोगों को समझाइश दे रहे हैं। छोटे-छोटे दुकानदार, ठेले-खोमचे वाले ज्यादातर कचरा कहीं भी फेंककर जा रहे हैं। ऐसी स्थिति रही तो फाइन भी करेंगे।

- अतुल विश्वकर्मा, आयुक्त, नगर निगम

---

धान के लिए हर हेक्टेयर में 60 हजार की लिमिट

# चार जिलों के किसानों को खेती करने बांटेंगे 1600 करोड़ ऋण, अब तक 435 करोड़ बंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी की तपिश के बीच किसानों ने भी खरीफ सीजन को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी है। खेत में सुधार के साथ ही धान सहित अन्य फसल के लिए ऋण भी लिया जा रहा है। इस खरीफ सीजन में राजनांदगांव, कवर्धा सहित चार जिलों में लगभग डेढ़ हजार करोड़ रुपए किसानों को ऋण के रूप में दिए जाएंगे। इसमें नगदी के साथ ही वस्तु के लिए भी टारगेट तय किया जा चुका है। वहीं अब तक के आंकड़ों के अनुसार 68 हजार से अधिक किसानों ने 435 करोड़ का लोन ले भी लिया है। हालांकि इसमें वस्तु के लिए ऋण का प्रतिशत बेहद कम है। जबकि केंद्र सरकार की गाईड लाइन के अनुसार 60 फीसदी नगद एवं 40 फीसदी वस्तु के लिए ऋण दिया जाना है।

उल्लेखनीय है कि एक पखवाड़े बाद जून महीने में मानसून की दस्तक के साथ ही सभी चार जिलों में खेती कार्य भी अपनी रफ्तार पकड़ लेगा। इन दिनों खरीफ सीजन की फसल की तैयारी में जुटे किसान अपने खेत को तैयार करने में लगे हुए हैं। वहीं खेती के लिए कर्ज लेने भी किसानों का सहकारी समिति पहुंचने का दौर शुरू हो चुका है। अंचल में अधिकांश किसान खरीफ सीजन में धान की खेती करते हैं, इनमें बड़ी संख्या में किसान अपनी खेती के लिए सहकारी बैंक से लोन भी लेते हैं। ऋण वितरण का दौर शुरू हो गया है।

ज्ञात हो कि पिछले साल किसानों को मिलने वाले लोन की रकम में बढ़ोत्तरी की गई थी, लेकिन इस बार कोई भी इजाफा नहीं हुआ है। किसानों को धान की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 60 हजार रुपए का कर्ज बैंक द्वारा दिया जाएगा। इसके साथ ही रागी, कोटो और कुटकी जैसी फसलों के लिए भी बैंक से किसान लोन ले सकते हैं। हर फसल के लिए अलग दायरा तय किया गया है। करीब 16 प्रकार की फसलों के लिए बैंक से किसानों को 15 हजार से लेकर 60 हजार रुपए तक लोन दिया जाएगा। किसान को धान के लिए प्रति हेक्टेयर 3 तो वहीं रागी के लिए हजार रुपए अधिक मिलेंगे। ऋण के लिए किसानों को ब्याज भी नहीं देना पड़ेगा।




### वितरण हो रहा



खरीफ फसल के लिए किसानों को उनकी मांग अनुसार ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है।

- **सचिन बघेल,** अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### किसान वस्तु के लिए नहीं ले रहे लोन

केंद्र की गाईड लाइन अनुसार वस्तु और नगद लोन देने का अनुपात तय है। अधिकतम 40 फीसदी तक वस्तु के लिए लोन देना है, लेकिन जिले में किसान नगद ऋण लेने में ही अधिक भरोसा जता रहे हैं। यही कारण है कि अब तक बांटे गए 435.88 करोड़ रुपए के कर्ज में नगद 425.25 करोड़ एवं वस्तु के लिए 1062 करोड़ ही लोन दिया गया है। टारगेट के मुकाबले जहां अब तक 27.24 फीसदी कर्ज दिया जा चुका है। इनमें वस्तु ऋण वितरण का हिस्सा महज 1.66 प्रतिशत ही है।

### इन फसल के लिए इतना लोन

मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग फसल के लिए ऋण वितरण का दायरा तय किया गया है। सबसे अधिक खर्च धान सिंचित के लिए 60 हजार, धान असिंचित के लिए 45 हजार, कोदो 16 हजार, अरहर-तुअर 38 हजार, मूंग उड़द के लिए 27 हजार, मूंगफली के लिए 42 हजार, तिल 25 हजार, सोयाबीन 48 हजार, मक्का 45 हजार, रामतिल 28 हजार, ज्वार 20 हजार, कपास सिंचित के लिए 44 हजार, कपास असिंचित के लिए 36300, झुरगा 20350, टाऊ फाफर और रागी के लिए 15 हजार व कुटकी के लिए 17 हजार रुपए ऋण किसानों को प्रति एकड़ दिया जाएगा।

### कवर्धा में 600, नांदगांव में बंटेगा पांच सौ करोड़

जिलों के अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने अपना ऋण वितरण का टारगेट भी तय कर लिया है। चार जिलों के लिए 1600 करोड़ लोन वितरण का लक्ष्य है। इनमें कवर्धा जिले में सर्वाधिक छह सौ करोड़ लोन वितरण का टारगेट तय किया गया है। ऐसे ही राजनांदगांव जिले के लिए 500 करोड़, मोहला-मानपुर जिले के लिए 150 करोड़ एवं खैरागढ़ जिले के लिए 350 करोड़ ऋण वितरण का टारगेट है। इसमें से अब तक कवर्धा जिले में 229, राजनांदगांव में 99, मोहला में 29.38 और खैरागढ़ जिले में 78 करोड़ का लोन दिया जा चुका है। कुल चार जिलों में 68123 किसानों ने 435 करोड़ का लोन ले लिया है।

---

पुलिस ने की पूछताछ, जांच जारी

# महिला ने स्वयं को आग लगाकर की आत्महत्या, गांव में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवादा में विवाहिता ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। संदिग्ध रूप से हुए इस घटनाक्रम की सूचना पर पुलिस एवं फारेंसिक टीम व डॉग स्कॉट की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों को होते ही भीड़ लग गई थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवादा में बीती रात उमा उर्फ पूजा उम्र लगभग 37 वर्ष का एक युवक से प्रेम संबंध था, जो अक्सर महिला के पति की गैरमौजूदगी में घर आना-जाना करता था। बताया गया कि बीती रात भी उक्त युवक महिला से मिलने उसके घर पहुंचा हुआ था, जो नशे में धुत्त था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि ऐसे में महिला ने लोकलाज के भय से महिला ने स्वयं पर आग लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना स्थल का निरीक्षण व आसपास के लोगों से पूछताछ करने एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य से ऐसा ज्ञात हुआ है कि महिला ने स्वयं को आग लगाकर आत्महत्या की है।



### मामले की टीम जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना पर पुलिस एवं फारेंसिक टीम, डॉग स्कॉट मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस मर्ग कायम कर इस मामले की जांच कर रही है।

### गांव में स्थित मकान पर लगी भीड़, मौके पर पहुंची पुलिस टीम

सुबह इस हादसे की जानकारी गांव में फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जानकारी मिलते ही सोमनी पुलिस थाना से भी टीम मौके पर पहुंची थी। बताया गया कि मौके पर ही आगे की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था, जिन्होंने सैंपल लिए हैं।

### जांच की जा रही

इस मामले में जांच की प्रक्रिया जारी है। शुरूआती जांच में महिला द्वारा आत्महत्या करने की बातें सामने आ रही है। इस मामले में हर एंगल से जांच की जा रही है।

- **सत्यप्रकाश देवांगन,** टीआई, सोमनी थाना

---

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाइक बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बाइक सीडी डिलक्स को बेचने के लिए दो लड़के बसंतपुर अस्पताल के पास ग्राहक तलाश कर रहे हैं, तब तत्काल मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिया के लड़कों को पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम अन्ना उर्फ सुधीर नायडु उम्र 19 साल साकिन चिखली एवं रोहित तेलासी 19 साल साकिन चिखली के रहने वाला बताया व आरोपी सुधीर उर्फ अन्ना नायडू से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बाइक सीडी डिलक्स को अपने साथी रोहित तेलासी के साथ घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को 23 मई को गिरफ्तार कर मामले में दोनों आरोपी को रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया।

## माय एंगल




# शिकायत करने को लेकर वाद-विवाद, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** रिपोर्ट लिखवाए हो कहकर प्रार्थिया से वाद-विवाद करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला में विगत दिनों आवेदिका निवासी बेलरगोंदी थाना गैंदाटोला की रिपोर्ट पर अनावेदक गजेंद्र साहू निवासी बेलरगोंदी के विरुद्ध थाना गैंदाटोला में धारा 296, 351(2), 115(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। 23 मई को पुनः अनावेदक द्वारा आवेदिका को मेरे विरुद्ध थाना में रिपोर्ट किए हो बोलकर आवेदिका के साथ वाद-विवाद करने लगा, जिसे पुलिस द्वारा समझाइश दिए जाने पर भी नहीं माना। जिससे अनावेदक गजेंद्र साहू को धारा 170, 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# एकमुश्त मिलेगा तीन माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्याप्त चावल की उपलब्धता और आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर हितग्राहियों को तीन माह का चावल एक साथ दिया जाएगा। इसके लिए विभागीय तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

खाद्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जून, जुलाई और अगस्त माह का चावल हितग्राहियों को एक साथ जून माह में ही वितरण होगा। इसके लिए चावल का लगभग पर्याप्त भंडारण हो गया है। इधर एक साथ चावल वितरण को लेकर राशन दुकानों में पर्याप्त जगह की कमी दिखाई दे रही है। एक साथ तीन माह का चावल मिलने से जून माह के शुरूआती सप्ताह में ही उपभोक्ताओं की काफी भीड़ देखी जाएगी। राजनांदगांव शहर में बड़े पैमाने पर चावल की अफरा-तफरी मची हुई है। प्रति माह हजारों क्विंटल शासकीय चावल का खरीद फरोख्त हो रहा है। ऐसे में एकमुश्त चावल मिलने से चावल माफिया भी सक्रिय हो जाएंगे।



### ढाई लाख से अधिक परिवार

राजनांदगांव जिले में लगभग 446 राशन दुकान है। वहीं लगभग 252171 राशन कार्डधारी हैं और लगभग 952258 हितग्राही है। जिसका लाभ उन्हें मिलेगा। तीन माह का एकमुश्त चावल मिलने से प्रति परिवार को लगभग 105 किलो चावल दिया जाएगा।

### 5 हजार मीट्रिक टन भंडारण विशेष

तीन माह का चावल एक साथ दिए जाने को लेकर कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि राशन दुकानों में अगर चावल रखने जगह नहीं होगी तो पंचायत के सामुदायिक भवनों का उपयोग राशन रखने किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस दिन भंडारण होगा, उसी दिन उठाव हो जाए तो काफी सुविधा होगी, ऐसी प्लानिंग भी की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि तीन माह का राशन एक साथ देने के लिए अभी लगभग 5 हजार मीट्रिक टन चावल कम है। दो-चार दिनों में चावल जमा हो जाएगा।

# लाइन में पुलिस ने किया बलवा ड्रील का अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में आयोजित जनरल परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा परेड की सलामी ली गई। सलामी पश्चात जनरल परेड के दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण किया। अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी एवं जवानों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार एवं निर्धारित वेशभूषा संतोषजनक न पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारी को दंडित भी किया गया। मार्चपास्ट के उपरांत दंगों के दौरान कानून व्यवस्था स्थापित करने हेतु बलवा ड्रील का पूर्वाभ्यास कराया गया। बलवा ड्रील अभ्यास के दौरान परेड में सम्मिलित अधिकारी-कर्मचारियों की पार्टी तैयार किया जाकर पार्टियों में प्रदर्शनकारी, मजिस्ट्रेट एवं उसके सहायक, केन पार्टी, लाठी पार्टी, प्राथमिक उपचार पार्टी एवं रायफल पार्टी सहित बलवा ड्रील का प्रदर्शन करते पूर्वाभ्यास कराया गया।

**अधिकारियों की रही उपस्थिति :** इस अभ्यास में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर एवं रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहित 200 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### अधिकारी-जवानों की सराहना

अभ्यास के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बलवा ड्रिल में भाग ले रहे अधिकारियों एवं जवानों की सराहना करते कहा कि ऐसे अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। जिससे वास्तविक परिस्थितियों में बल की तत्परता और कुशलता सुनिश्चित की जा सके। भीड़ में क्या-क्या सावधानी बरती जानी चाहिए, भीड़ में सतर्क व सजग रहकर अपने दायित्वों को निर्वहन करने हेतु समझाईस दी गई। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि जनता की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।

---

मोहला-मानपुर जिले के गोटाटोला में जुटे किसान

# बैंक एवं तहसील की मांग लेकर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत गोटाटोला क्षेत्र के लगभग 18 ग्राम पंचायत के ग्रामीण, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय मोहला में बड़ी संख्या में रैली निकाली। सर्वप्रथम क्षेत्र के 18 पंचायत के ग्रामीण, किसान मोहला में धान मंडी के पास इकठ्ठा हुए, जहां विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधानसभा अध्यक्ष युकां अजय राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष अगनूराम कुमेटी के नेतृत्व में एक हजार से अधिक ग्रामीण, महिला-पुरूषों ने गोटाटोला में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं तहसील बनाने की मांग को लेकर मोहला बाजार चौक होकर जयस्तंभ चौक, फौव्वारा चौक होते हुए जिला कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों के संबंध में चर्चा किया।



### सौंपा ज्ञापन

हजारों की संख्या में भीड़ जिला कार्यालय पहुंची, जहां नारेबाजी के बीच किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी से मांगों को लेकर चर्चा की। किसानों ने अपना दुखड़ा सुनाया। महिलाएं मोहला सहकारी बैंक के कर्मचारियों के कार्यशैली पर भी सवाल उठाए कि वहां किसानों को बाहर भेज दिया जाता है। किसानों से सही व्यवहार नहीं किया जाता है।

**18 पंचायत के ग्रामीण किसान हुए शामिल :** रैली में गोटाटोला, घावड़ेटोला, रानाटोला, आलकन्हार, मरारटोला, भालापुर, केंवटटोला, कंगलूटोला, गिधाली, मचांदुर, ककईपार, अड़मागोंदी, कुम्हली, मुकादाह, हर्रोटोला, मोहभट्ठा, शेरपार के ग्रामीण शामिल हुए। मुख्य रूप से निखिल देशमुख, राकेश सिंगोदिया, पुनाराम गुनेंद्र, शिव साहू, राकेश मंडावी, मालीकराम, करण पाटर, दीपिका सिंह, गंगा साहू, सुखदेव पुसारे, कौशल देशमुख, जया मंडावी, भरोसा कोमरे, अहिल्याबाई, जंत्री मरकाम, गुलशन ओटी, बुढ़ानसाय पाटिल, द्रौपदी यादव, कलीराम, बच्चन तराम, लक्ष्मीनारायण रावटे, काशीराम, रोशन कोला, विष्णुराम, लक्ष्मी कोला, गणेश्वरी, पद्मिनी, जयंती पटेल, मंटू पुरामे, रामसाय, उमा साहू, समारू भुआर्य, भारसिंह माहले ने मांगो को लेकर आवाज बुलंद किए।

### सरकार से जनता परेशानः मंडावी

नगर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर रैली को संबोधित किया, जहां विधायक इंद्रशाह मंडावी ने सभा को संबोधित करते कहा कि भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से क्षेत्र की जनता परेशान है। गोटाटोला में तहसील कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, महाविद्यालय की नितांत आवश्यकता है। जिसके लिए शुरू से पत्राचार किया जा रहा है, परन्तु सरकार इस दिशा में थोड़ा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस शासन में केवल शराब बेची जा रही है, जुआ-सट्टा के धंधे चलाए जा रहे हैं, आदिवासियों को डराया-धमकाया जा रहा है, जब कांग्रेस की सरकार थी, तब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नया जिला बनाया, तीन तहसील दिए, नए धान खरीदी केंद्र, कन्या आश्रम, सड़क, बिजली जैसे अनेक कार्य कांग्रेस के शासनकाल में किया गया है। 2 साल कोरोना विभीषिका के बावजूद भी कांग्रेस शासन में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। सभा में कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय जैन, युकां अध्यक्ष मनीष निर्मल, दिनेश शाह मंडावी, अब्दुल खलीक खान, देवानंद कौशिक, महेश कुंजाम, मीना मांझी, ऋषभ ठाकुर, सागर सिन्हा, सत्यव्रत सिन्हा, दादू शेंडे सहित कांग्रेस कमेटी के साथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 20 लीटर महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** मोहगांव पुलिस ने पैलीमेटा साप्ताहिक बाजार के दौरान अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब और बिक्री के 240 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर संदेही फेरहा नेताम को उसके घर में पाया। मकान की तलाशी के दौरान एक कमरे से दो सफेद प्लास्टिक जेरीकेन में कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। एक जेरीकेन में 15 लीटर और दूसरे में 5 लीटर शराब थी। शराब की कीमत 2400 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**गंडई पंडरिया।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में 21 से 31 मई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में गंडई नगर पंचायत के मणिकंचन केंद्र में कार्यरत स्वच्छता दीदियों और अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। मणिकंचन केंद्र में कार्यरत 32 स्वच्छता दीदियों और 4 पुरुष कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह कर्मचारी नगर से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन करते हैं, इस दौरान संक्रमण होने और चोट लगने का खतरा रहता है जिसे देखते हुए उन्हें सुरक्षा किट वितरित किया गया। नगर पंचायत के सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच की गई।



### बरसात के पहले नालियों की सफाई

**मुसरा।** ग्राम पंचायत खपरीकला के आश्रित ग्राम झिटिया के पंच हीरालाल नारंग के मार्गदर्शन में नालियों की सफाई बरसात के पहले की जा रही है ताकि समय रहते बरसात के पानी के निकासी की व्यवस्था की जा सके। नालियों की समय से पहले सफाई न होने के कारण बरसात का पानी नालियों के रास्ते बाहर न जाकर लोगों के घरों में घुस जाता है जिससे आम जीवन अस्त- व्यस्त हो जाता है, जिसे ध्यान में रखते हुए नालियों की सफाई की जा रही है।



### आत्मानंद स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**मानपुर।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने और अपने कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त हुआ। प्राचार्य रेणुका देशमुख ने बताया कि समर कैंप में योग, संगीत, नृत्य, रंगोली, मेंहदी, बांस शिल्प, हस्तशिल्प, वीडियोग्राफी, ब्यूटी पार्लर, बेसिक कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश, क्ले आर्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, साइंस फन एक्टिविटी, कबाड़ से जुगाड़, फ्लावर आर्ट, एरोबिक्स और खेलकूद को शामिल किया गया था। अनुभवी शिक्षकोंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। समर कैंप के संचालन में शिक्षक रवि प्रकाश यादव, शिवकुमार साहू, गोमती दुगे, अनवर खान, तृप्ति, लीना यदु, तृष्णा, आशुतोष, नेहा चित्रांश, यज्ञ, मौलेश, पूजा, मिनिमा, अभिषेक ने सक्रिय भूमिका निभाया।



### शिविर में समस्याओं का समाधान

**घुमका।** सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन अवंतीबाई लोधी स्कूल में किया गया। शिविर में वार्ड 11 से 15 वार्ड तक के वार्डवासियों की समस्याओं, मांगों, शिकायतों की सुनवाई की गई। सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास ने बताया सुशासन तिहार में 149 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 140 मांगों और 9 आवेदन शिकायत के थे जिनका निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर आवेदनों में राशन कार्ड बनानेख वृद्धा पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के थे। राशन कार्ड की मांग करने वालों को शिविर में प्रदान किया गया। शिविर में पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, सहकारी समिति के प्राधिकारी अध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा अंत तक डटे रहे।



### छात्रवृत्ति के लिए तृप्ति लाउत्रे चयनित



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में मिडिल स्कूल नागतराई की छात्रा तृप्ति लाउत्रे का चयन हुआ है। चयनित छात्रा को 12 वीं तक प्रति वर्ष 12 हजार मिलेंगे। छात्रा ने विज्ञान शिक्षक आशीष विश्वकर्मा के मार्गदशन में सफलता प्राप्त किया है। छात्रा को प्रधान पाठिका हंसा पांडेय, शिक्षक मनहरण वर्मा, अनुराधा साहू एवं संकुल समन्वयक राजेश शर्मा ने बधाई दी है।

### गंडई में आज संविधान बचाओ रैली, भूपेश बघेल होंगे शामिल

**गंडई पंडरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, विभिन्न प्रकोष्ठ और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयोजन में 24 मई को गंडई में संविधान बचाओ रैली और जन आक्रोश आमसभा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन दशहरा मैदान रावण भांठा में दोपहर 11.30 बजे शुरू होगा। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी आवाज बुलंद करेंगे। आयोजन में प्रदेश और जिले के अनेक नेता, विधायक शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मिहिर झा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भिज्ञेश यादव ने सभी कांग्रेसजनों से संविधान बचाओ रैली और जन आक्रोश आमसभा में शामिल होने का आव्हान किया है।
उक्त आयोजन को लेकर गत 21 मई को धुव्र भवन में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए हर पहलुओ पर चर्चा करते हुए रणनीति बनाया गया। ब्लाक अध्यक्ष भिगेश यादव के अनुसार 24 मई को सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत तिरंगा चौक में किया जाएगा। वहां से कार्यक्रम स्थल जाएंगे। यहां पूर्व मुख्यमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। अंत में वह नगर अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर के साथ उनके निवास धुर्व भवन पंडरिया जाएंगे।

---

### सांसद ने प्रधानमंत्री के प्रयास को जमकर सराहा, कार्यों का लेखा किया पेश

# स्टेशन का कायाकल्पः आधुनिकता के साथ संस्कृति की भी दिखी झलक

## पहली बार हुआ रेलवे का बड़ा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बमलेश्वरी की नगरी में अमृत भारत योजना अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य का रेलवे स्टेशन परिसर में लोकार्पण प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कालकापारा की ओर आयोजित कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने रेल मंत्री के सहयोग का भी बखान किया। अध्यक्षता पद्मश्री फुलबासन यादव ने की। विशेष अतिथि पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे, रेलवे अधिकारी वसीम सिद्दीकी थे।

उक्त मौके पर सभा को संबोधित करते हुए संसद में कहा कि विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने माता को प्रणाम करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की जो प्रशंसनीय है। मोदी जी ने 2014 से देश का नेतृत्व प्रारंभ किया है तब से विकास कार्यों की झड़ी लगी है। आजादी के बाद रेलवे स्टेशन में यह पहला बड़ा कार्यक्रम है जिसमें मोदी जी ने सभी को अंतरमन से जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का डोंगरगढ़ महत्वपूर्ण स्टेशन है जहां 12.51 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण मोदी जी बीकानेर से हम सबके साथ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे में सुरक्षित सेवाएं, भव्य प्रवेश द्वार, बेहतर यातायात प्रबंधन अतिरिक्त बेहतरीन पार्किंग सहित इस परिसर को चौड़ा किया गया है। विभिन्न चित्रों के माध्यम से गोंड साम्राज्य की संस्कृति को दर्शाया गया जो काबिले तारीफ है। आवागमन को आसान करने 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, दिव्यांग के लिए रैंप पाथवे, अतिरिक्त टिकट काउंटर अतिरिक्त प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है।




#### सभी स्टेशनों की बदली सूरत

सांसद पांडे ने बताया कि बोरतलाव से लेकर मुढीपार, जटकन्हार, पनियाजोब, बाकल, परमालकसा, मुसराकला, राजनांदगांव के आसपास सभी स्टेशनों पर कार्य हुआ है। स्टेशन में प्लेटफार्म को ऊंचा करने का कार्य आजादी के बाद अब हुआ है। मुढीपार से दरेकसा तक 18 अंडर एवं ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि परमालकसा से खरसिया तक 278 लंबी रेल लाईन 7853 करोड़ की लागत से बिछाई जाएगी। इसी प्रकार राजनांदगांव से नागपुर तक 228 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन का कार्य 3544 करोड़ की लागत से पूरा हो चुका है। डोंगरगढ़ से गोंदिया तक 2354 करोड़ की लागत से चौथी रेल लाइन का कार्य जल्द ही पूरा होगा।

#### अवस्थित रहा कार्यक्रम

आनन फानन में आयोजित कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था देखने मिली। वरिष्ठ नेताओं सहित नागरिकों के बैठने के लिए कुर्सियां तो थी किंतु फिर भी अव्यवस्था के चलते लोग खड़े होकर कार्यक्रम देखते रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिलाधीश सहित अन्य बड़े नेता जब पहुंचे तब उनके बैठने की व्यवस्था नहीं थी।

#### प्रसाद योजना से अनगिनत काम

सांसद ने कहा कि प्रज्ञागिरी परिक्रमा पथ, बायपास मार्ग सहित इतने कार्य हो रहे हैं कि उन्हे गिना नहीं जा सकता है। फुट अंडर ब्रिज साढे 15 करोड़ का वाय सेप का ब्रिज बनेगा। विकासखंड में 950 करोड़ की लागत से सोलर पार्क का निर्माण पूरा हुआ है। श्री यंत्र, मेडिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, श्री यंत्र उद्यान आगामी मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने राजनांदगांव में चार ट्रेनों सहित डोंगरगढ़ में वंदे भारत के स्टॉपेज के लिए रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पद्मश्री फुलबासन यादव ने भी संबोधित करते हुए जल संरक्षण की बात रखी। पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे ने बंद लोकल ट्रेन को चलाने की बात रखी। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र साखरे ने किया। शुभारंभ अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से देशभक्ति का परिचय दिया।

---

## समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को किया लाभांवित
- आवेदनों के निराकरण से ग्रामीण संतुष्ट

ग्राम पंचायत भोलापुर में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के दौरान विभिन्न विभागों को कुल 3909आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 3880 मांगों एवं 29 शिकायत के थे जिनका शत-प्रतिशत निराकरण किया गया।

शिविर में अधिकारियों ने आवेदनों का समाधान ग्रामीणों के समक्ष किया एवं निराकरण की जानकारी का वाचन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड, नवीन जाबकार्ड, मछली जाल, बीज, श्रमकार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र तथा ई-ट्राई साइकल का वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग ने गोद भराई व अन्न प्रसान कराया। समाधान शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, प्रशांत ठाकुर, बिरम मंडावी, भेषबाई साहू, उतरा निषाद, चंद्रप्रकाश मोटघरे, भानबाई मंडावी, हेमीन साहू, उभेराम मंडावी, सुनीता सेवता आदि शामिल हुए। शिविर में तहसीलदार विजय कोठरी, जनपद सीईओ होरीलाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

---

## पंचायतों में गड़बड़ी, जांच और कार्रवाई में कोताही



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायतों द्वारा विकास कार्यो में गड़बड़ी और सरपंच- सचिवो की मनमानी की शिकायत के बाद कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस शासन काल में जनपद सीईओ के अलावा कांग्रेस के नेताओं के संरक्षण में एक दर्जन से अधिक पंचायत में राशि के दुरूपयोग का मामला सामने आया था। ग्राम पंचायत मुडपार, रेंगाकठेरा, ढारा, बोरतलाब जैसी पंचायतो के मामले को जांच के नाम पर खानापुर्ति कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

जानकारी के अनुसार 2021-22 में लगभग 70 पंचायतो में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए स्वीकृत 1 करोड 38 लाख का कागजों पर ही काम होना दर्शाकर राशि का आहरण कर लिया गया है जबकि धरातल पर काम के निशान तक शेष नहीं है। जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन, 15 वें वित्त मद से बीते वर्ष 138 गांव में घटते जल स्तर को कम करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से एक करोड़ 38 लाख खर्च किए गए। जिसमें 70 हजार स्वच्छ भारत मिशन के मद से बाकी 30 हजार 15 वें वित्त से भुगतान होना था। जमीनी स्तर पर 80 प्रतिशत से अधिक राशि गड़बड़ी की भेंट चढ़ गई। ग्रामीणों के अनुसार 2023-24 में यह काम बरसात के बाद शुरू हुआ था। जो इस मानसून के आने के पहले नजर नहीं आ रहा।

#### अधिकारियों ने देखा तक नहीं

जनपद के अधिकारियों ने काम में लापरवाही बरतते हुए मौका मुआयना तक नहीं किया। सरपंच एवं सचिव नें मनमानी करते हुए राशि का बंदरबांट कर लिया। जानकार बताते हैं कि यह योजना 2022-23 से शुरू की गई थी। वित्त वर्ष में 14 गांव में यह कार्य पूर्ण हुए। हर गांव में 90 हजार खर्च किए गए। वही 15 वें वित्त मद से 10-10 हजार आबंटित हुआ था। वर्तमान में स्थिति यह है कि ब्लाक में एक भी ऐसा गांव नहीं है जहां का जलस्तर बढ़ा हो।

---

## संस्कृति को विदेशी प्रभाव से बचाने का संकल्प

### आदिवासी युवा महोत्सव और अधिवेशन का संभाग स्तरीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




जिला मुख्यालय में गोंड समाज का दो दिवसीय संभाग स्तरीय युवा महोत्सव एवं वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राजा लक्ष्मेंद्र शाह का पारंपरिक मांदर की थापों और सैकड़ों लोगों की रैली के साथ स्वागत किया गया। रैली राजा बाड़ा से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुलिस थाना होते हुए गोंडवाना भवन पहुंची। यहां राजा लक्ष्मेंद्र शाह ने लाल श्याम शाह महाराज के छायाचित्र एवं जिम्मेदारीन माता और बूढ़ा देव की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, छुरिया तथा महाराष्ट्र के लगभग आठ से दस हजार लोग शामिल हुए। आयोजन में आदिवासी गोंड समाज की परंपरा, 7/14 प्रथा और प्रमुख संस्कार टांडा, मंडा, कुंडा पर विस्तृत चर्चा हुई। राजा लाल श्याम शाह महाराज और संभाग गोंड समाज अध्यक्ष मोहला प्रेम सिंह घावड़े के नेतृत्व में गोंड संस्कृति को विदेशी प्रभावों से बचाने की रणनीति बनाई गई। नियमावली और उसके धरातल पर क्रियान्वयन को लेकर गंभीर मंथन हुआ। युवाओं के लिए संभाग स्तरीय टीम का गठन कर सामाजिक चेतना, शैक्षणिक, राजनीतिक, रोजगार और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

#### जनप्रतिनिधियों और छात्रों का सम्मान

समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, कलाकारों और कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा, खेल, कला और कृषि को सामाजिक विकास का आधार मानते हुए प्रोत्साहित करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का समापन रेला पाटा के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रेम सिंह घावड़े, पंचम परतेती, छोटेलाल कटेगा, पवन तुलावी, रमेश कोर्राम, रमेश हिड़मे, दरोगा नेताम, संजीत ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए।

---

### टेड़ेसरा में प्रशिक्षण वर्ग दो से

**लाल बहादुर नगर।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत बिलासपुर की योजनानुसार जिला ग्राम भारती के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दस दिवसीय आवासीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आगामी 2 से 13 जून तक सरस्वती शिशु मंदिर टेड़ेसरा में आयोजित है। व्यवस्था संबंधी जिला ग्राम भारती एवं प्रबंध समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष बुंदा वर्मा, तिलक सिन्हा, डामन जोशी, अनिल साहू, खिलेश्वर साहू, सिया सैनी, जमुना साहू, अंगददास साहू, शत्रुघन मानिकपुरी, रेखा साहू शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग में दस दिन तक हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, पर्यावरण, गणित, वैदिक गणित , शारीरिक प्रशिक्षण अंतर्गत प्राणायाम, आसान, सूर्यनस्कार, व्यायाम योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में लगभग 60 आचार्य, दीदियां शामिल होंगी। प्रशिक्षण देने के लिए 6 शिक्षक प्रतिदिन मौजूद रहेंगे। इस दौरान पूनमचंद साहू, धनीराम यादव, भगवानदास साहू, उमा सिन्हा, सीता पतले, मीरा चंदेल के अलावा मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मोनिता साहू ने दी।



---

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने ली सुध, सुविधा में होगी वृद्धि

# यात्री प्रतीक्षालय व उद्यान का होगा कायाकल्प

## देखरेख के आभाव में बिगड़ी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर के खस्ताहाल यात्री प्रतीक्षालय एवं लघु उद्यान का नगर पंचायत अध्यक्ष निधि से कायाकल्प किया जाएगा। निर्माण के बाद लघु उद्यान और यात्री प्रतीक्षालय की सुध नही लिए जाने से बच्चों के खेलकूद के लिए लगाए गए उपकरण खराब हो गए हैं। कुर्सियां टूट गई है। फिसलपटटी और झूला में जंग लग गया है।

नगर से राजनांदगांव, मोहला मानपुर तथा महाराष्ट्र की दिष्षा में जाने वाले मार्गों में अनेक स्थानो पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया था। निर्माण के बाद रखरखाव नही करने से प्रतीक्षालय जीर्ण शीर्ण हो गए है। कई प्रतीक्षालय की कुर्सियां गायब हो गई है। प्रतीक्षालय में लगी लाईट एवं फ्लैक्स को शरारती तत्वों ने उखाड़ दिया है। राजस्व कार्यालय के समीप बने प्रतीक्षालय का प्लेटफार्म ही धंस गया है। कई स्थानो में टाइल्स उखड कर बाहर आ गए हैं। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपने पहले कार्यकाल में अध्यक्ष निधि, पार्षद और सांसद निधि से यात्रियो की सुविधाओ के लिए यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया था। प्रतीक्षालय की खस्ताहाल को देखते हुए उनके कायाकल्प करने की योजना बनाई गई है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि अगले तीन चार माह में अध्यक्ष निधि से जर्जर प्रतीक्षालयो को फिर से सुंदर व उपयोग के लायक बनाया जाएगा।




#### पांच लाख की मंजूरी

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने अध्यक्ष निधि से मेनरोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय एवं लघु उद्यान का कायाकल्प करने के लिए पांच लाख की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि जरूरत पडने पर पार्षदों के सहयोग से और राशि दी जाएगी।

#### परमेश्वरी नगर में बनेगा उद्यान

नगर के वार्ड 6 स्थित परमेश्वरी नगर में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं पार्षद विनोद डेहरिया की निधि से नया लघु उद्यान बनाया जाएगा। पीआईसी की बैठक में उद्यान निर्माण की मंजूरी मिल गई है।

#### लघु उद्यान का होगा कायाकल्प

नगर के जनपद तिराहा, चिल्हाटी रोड में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम शाला एवं मेरेगांव बालक शाला समीप स्थित लघु उद्यान की भी स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। बच्चो के खेलने के लिए लगाए गए झूला, फिसलपटटी टूट फूट गए है। पाईपो में जंग लग गई है। उद्यान आने वाले बच्चों व नागरिकों के बैठने के लिए लगाई गई कुर्सिया टूट फूट गई है। नागरिक कई वर्षों से उद्यान का रखरखाव ठीक से करने तथा बच्चो के खेलने के लिए नए उपकरण लगाने की मांग कर रहे है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के दोबरा पद में आने से नागरिको की उम्मीदें बढ गई है। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने कहा है कि लघु उद्यान की कायाकल्प करने में उनका विषेश ध्यान रहेगा।

---

### शर्मा बने स्टेडियम समिति के प्रभारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव का संचालन एवं प्रबंधन किया जाता है। कलेक्टर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा को दिग्विजय स्टेडियम समिति के उचित रखरखाव एवं प्रबंधन व्यवस्था प्रभारी तथा अस्थाई रूप से सचिव का दायित्व आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए दिया है। उल्लेखनीय है कि कार्य की अधिकता के दृष्टिगत संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी दिग्विजय स्टेडियम खेमलाल वर्मा के प्रभार का कार्य अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा को सौंपा गया है।

### अभिषेक बने सचिव

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव खेमलाल वर्मा के स्थान पर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से राजगामी सम्पदा राजनांदगांव के सचिव व मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कार्य की अधिकता के दृष्टिगत कलेक्टर ने राजगामी सम्पदा के बायलाज के उप नियमों की कंडिका 9 के अनुसार डिप्टी कलेक्टर को राजगामी सम्पदा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति परीक्षा में 4 बच्चे सफल

**पटेवा।** राष्ट्रीय प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में विक्रमपुर संकुल के चार बच्चों को सफलता मिली है। सफल बच्चों में पूर्व माध्यमिक शाला विक्रमपुर के गिरधर यादव, राजेश्वरी वर्मा और तारिणी सिन्हा है। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शाला कटंगी खुर्द के जास्मिन फुलकुंवर ने सफलता हासिल किया है। इन छात्रों को प्रतिमाह 1000 रुपए मिलेंगे। चयनित बच्चों को शिक्षक मोहनीश राजपूत, किरण शुक्ला, आशीष वर्मा, राजकुमार बेरवंशी, हेमंत रामटेके, मुलेन्द्र कोठले और पालकों ने बधाई दी है। यह जानकारी संकुल समन्वयक दिलीप साहू ने दी।

### पीयूष और नवीन का हुआ चयन




**छुईखदान।** निःशुल्क कोचिंग क्लास छुईखदान से राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में दो बच्चों का चयन हुआ है। कक्षा आठवीं के नवीन कुमार पटेल एवं पीयूष जंघेल का चयन राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति हेतु हुआ हैं। दोनों बच्चे नि=शुल्क कोचिंग क्लास में अध्ययन कर रहे थे। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उन्हें कक्षा नवमी से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 की छात्रवृत्ति मिलेगी। दोनों बच्चों को चयनित होने पर ब्लाक नोडल पीतांबर सिंह राजपूत, दोदेश्वरसिंह चंदेल, संजीव कुमार धुर्वे, कुंभलाल जंघेल, डॉ सियाराम साहू, दीपक नेवार, राजूदास मानिकपुरी, चेतराम वर्मा,सुश्री ठाकुर ने बधाई दी है।

### राधेश्याम निर्मलकर अध्यक्ष निर्वाचित

**गंडई पंडरिया।** झेरिया धोबी समाज गंडई परिक्षेत्र की बैठक गुरुवार को कटंगी में आयोजित की गई। इस महासभा में समाज की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव किया गया। गंडई राज के अंतर्गत आने वाले 23 गांवों के प्रतिनिधियों ने मिलकर नए पदाधिकारियों का चयन किया। इस मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम निर्मलकर कटंगी, उपाध्यक्ष सुखराजी निर्मलकर ईरिमकसा, सचिव सोनसिंह गंडई पंडरिया के अतिरिक्त विभिन्न गांवों से पंचों का भी चुनाव किया गया जिनमें बंशी लाल मोहगांव, लतमार राम लमरा, प्रभुराम गंडई पंडरिया, जनक राम कटंगी, बाऊदा राम सरांकापा, जग्गू राम लालपुर, जीवन राम ईरिमकसा, मांगीलाल, छन्नु लाल लिमो, बलदाऊ लिमो, गौउंतर राम टिकरीपारा गंडई, कुमार पर्थरा और राजकुमार लिमो शामिल हैं। बैठक का समापन संत गाडगे बाबा और धोबनीन दाई के जयघोष के साथ हुआ।

### फैकेल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के निर्देशन में विज्ञान संकाय एवं आईक्यूएसी की तत्वावधान में पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। आयोजन के तीसरे दिन शासकीय वीवायटी कॉलेज दुर्ग की सहायक प्राध्यापक डॉ. संजू सिन्हा शामिल हुई। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ आशा चैधरी ने स्वागत और वनस्पति विभाग के प्रभात बैस ने परिचय प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. संजू सिन्हा ने बताया कि अनुसंधान नीति अनुसंधान का महत्वपूर्ण पहलू है, जो अनुसंधानकर्ताओं को अनुसंधान के दौरान नैतिक और जिम्मेदार तरीके से कार्य करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। अनुसंधान नीति का उद्देश्य अनुसंधान के दौरान प्रतिभागियों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करना है। अनुसंधान नीति का पालन करने से अनुसंधान प्रतिभागियों के अधिकार और कल्याण की रक्षा की जा सकती है और अनुसंधान की विशेष वैधता को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन अविनाश सिंह ने किया।

# छिंदारी में दिखा दुर्लभ इंडियन ब्लू रॉबिन जैव विविधता का बड़ा केन्द्र बना जंगल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में जैव विविधता को लेकर एक नई और उत्साहजनक उपलब्धि सामने आई है। चार साल बाद इंडियन ब्लू रॉबिन नामक दुर्लभ हिमालयन प्रवासी पक्षी फिर से यहां देखा गया है। प्रकृति प्रेमी प्रतीक ठाकुर के बाद भिलाई में एसडी बर्मन द्वारा इसकी उपस्थिति दर्ज की गई है। गौरतलब है कि इंडियन ब्लू रॉबिन अत्यंत दुर्लभ हिमालयी प्रवासी पक्षी है जो अक्टूबर में हिमालय से दक्षिण भारत की ओर प्रवास करता है और अप्रैल के अंत तक अपने प्रजनन स्थल हिमालय लौट जाता है। मध्य भारत में इस प्रवास काल के दौरान इसे देख पाना बहुत ही असामान्य है, जिससे इसकी मौजूदगी जैव विविधता के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। इससे पहले यह पक्षी 1991, 2020 और 2021 में रायपुर और 2015 में नारायणपुर में देखा जा चुका है।

### बीस के झुंड में दिखे मालाबार पाइड हॉर्नबिल

डोंगरगढ़ खैरागढ़ के जंगलों में मालाबार पाइड हॉर्नबिल की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई है। यह विशाल और दुर्लभ पक्षी आमतौर पर घने जंगलों में पाया जाता है। क्षेत्र में इसे एक साथ 20 के झुंड में देखा गया है जो यहां की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण है। आईसीयूएन ने इस प्रजाति को संकटग्रस्त श्रेणी में रेड लिस्ट में शामिल किया है। खैरागढ़ व इसके आसपास के जंगलों में अब तक 295 पक्षी प्रजातियों की पहचान की जा चुकी है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि यह इलाका केवल पक्षियों के लिए नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी एक अनमोल क्षेत्र बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संरक्षण कार्यों को गति दी जाए तो यह इलाका भविष्य में भारत के प्रमुख बर्ड वॉचिंग डेस्टिनेशनों में शामिल हो सकता है।



### शुभ संकेत

मालाबार पाइड हार्निबिल छिंदारी डैम के आसपास दिखाई दिया था, वही कामन क्रेन के बाद इंडियन ब्लू रॉबिन पक्षी की यहॉ उपस्थिति भी जैव विविधता को लेकर शुभ संकेत है।

**- प्रतीक ठाकुर,** सर्टिफाइड फील्ड आर्निथोलॉजिस्ट

## रेल लाइन का सपना कब होगा साकार

# डोंगरगढ़-कटघोरा रेल दौड़ रही कागजों में! इंतजार में क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन अब तक कागजों में ही दौड़ रही है। 10 से 12 वर्ष पहले इस आशय की घोषणा हुई थी किन्तु निर्माण की अब तक ठोस पहल नहीं किया गया हैजबकि छत्तीसगढ़ के अन्य स्थानों में नई रेलवे लाइन का कार्य जोरों से चल रहा है। डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन का कार्य अब तक शुरू भी नहीं हो पाया है। सर्वे के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं।

उक्त रेल लाइन बनने से रेल डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, लोहारा, कवर्धा से होते हुए कटघोरा तक जाएगी। रेल लाईन के बनने क्षेत्र के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। यहां से गुजरने वाली यह रेल लाइन जिस जिस शहर वह गांव से होते हुए जाएगी उस शहर व गांव में विगत 10 वर्षों से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि रेलवे स्टेशन यहां पर होगा वहां पर होगा। अब लोग समझ चुके कि यह घोषणा केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया गया था।वर्तमान में हालत यह है कि लोग इस बहु प्रतीक्षित रेलवे लाइन का नाम लेना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जबकि केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है यहां पर सांसद संतोष पांडे भी भाजपा के हैं।

## सर्वे के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च



### बढेगी यात्रा सुविधा

नई रेल लाईन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार कर सकती है, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो सकती है और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिल सकता है।रेल परिवहन अन्य परिवहन मोड की तुलना में अधिक पर्यावरण अनुकूल हो सकता है, जिससे वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आ सकती है। नई रेल मार्ग की योजना और निर्माण में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय प्रभाव और वित्तीय निवेश। हालांकि यदि इन चुनौतियों का समाधान किया जाए, तो नई रेल मार्ग क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली साबित हो सकती है।

### विकास को मिलेगी गति

नई रेल मार्ग एक महत्वपूर्ण बुनियादी परियोजना है, जो विकास और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यहाँ कुछ महत्वपूर्ण बिंदु हैं जो नई रेल मार्ग के महत्व को दर्शाते हैं। नई रेल मार्ग क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकती है, नए उद्योगों और व्यवसायों को आकर्षित कर सकती है, और रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है।नई रेल मार्ग यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और तेज यात्रा विकल्प प्रदान कर सकती है। नई रेल मार्ग माल ढुलाई की दक्षता में सुधार कर सकती है, जिससे व्यवसायों को अपने उत्पादों को अधिक तेजी और कुशलता से पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

# राजस्व एवं वन विभाग की जमीनों पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



राजस्व एवं वन विभाग की जमीनों पर कब्जा कर बेचने के मामले लगातार सामने आ रहे है। हैरानी की बात यह है कि सरकारी जमीन की बेरोकटोक रजिस्ट्री भी हो रही है। बिना अनुमति के निर्माण भी किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता ने मामले की शिकायत किया था। शिकायत के बाद कार्रवाई तो दूर जांच भी शुरू नही हुई है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक रामजी भारती ने भिलाई के तीन व्यक्तियों पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर टुकड़ों में बेचने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की थी। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व विधायक भारती ने बताया कि भिलाई के राघवेन्द्र सिंह, प्रमोद चौधरी एवं हेमंत सिंह ने निराकिल कंपनी बनाकर भूमि को टुकड़ों में काटकर नियम विरूद्ध बेच दिया था। इस संबंध में न शासन से अनुमति ली गई, न रेरा में पंजीयन कराया गया। उक्त भूमि का प्रयोजन नियम विरूद्ध व्यवसायिक उपयोग के लिए लाया जा रहा है। अवैध रूप से भूमि कृषि विक्रय कर निजी भूमि से संलग्न शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 554 रकबा 2.314 हेक्टेयर में से नाला में पानी निकासी हेतु अपने निजी उपयोग के लिए पुल निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। इसी प्रकार खसरा नंबर 508 रकबा 0.134 हेक्टेयर शासकीय भूमि में से दो जगहों पर पुल निर्माण कर कब्जा किया गया है। उक्त व्यक्तियों ने खसरा नंबर 672 रकबा 13.354 हेक्टेयर में से 7 मीटर व 6 मीटर निजी शौचालय और कच्चा रास्ता बनाकर अतिक्रमण किया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत मुढ़ीपार ने आश्रित ग्राम झुराडबरी के अवैध कब्जा के संबंध में पंचनामा बनाया है। उन्होंने शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाकर संबंधित भूमि को पंचायत को सौंपने की मांग की है।

# भूलाटोला हाईटेक नर्सरी पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के भूलाटोला स्थित हाईटेक नर्सरी का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निरीक्षण किया। वन विभाग द्वारा संचालित नर्सरी में उन्होंने इसके संचालन, पौधों की तैयारियों सहित उत्पादन गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। मानचित्र के माध्यम से नर्सरी की कुल संरचना, क्षेत्रफल और उपयोग की जा रही भूमि की जानकारी ली। निरीक्षण दौरान नर्सरी की स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्था और पौधों की गुणवत्ता की सराहना कर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले समय में यहां और अधिक उन्नत प्रजातियों के पौधे तैयार किए जाएं। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा तैयार हाइटेक नर्सरी लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है जिसमें फलदार, छायादार और औषधिय पौधो सहित मौसमी सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। नर्सरी न केवल पौधों तैयार कर वन विभाग की आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि ग्रामीणों के लिए रोजगार का अवसर भी उपलब्ध करा रही है।इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, वन विभाग के अधिकारी, नर्सरी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ उत्पादन गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया

# बैठक लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था ठीक करने कलेक्टर चंद्रवाल ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट मे कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, तकनीकी दक्षता और आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने उन सेक्टरों में, जहां आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम है, सेक्टर पर्यवेक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने प्रभावी कदम उठाने कहा। विभागीय अधिकारियों को पोषण ट्रैकर ऐप का उपयोग सुनिश्चित करने कहा जिसमें गर्म पके भोजन, बच्चों की गतिविधियों की फोटो अपलोड करना और शत-प्रतिशत जियो-फेंसिंग अनिवार्य किया गया है। उन्होने इसके तकनीकी पहलुओं की भी अधिकारियों को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। रेडी-टू-ईट पोषण आहार के पारदर्शी वितरण के लिए फूड रजिस्ट्रेशन सिस्टम और ई-केवाईसी प्रणाली का सौ प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का आधार नामांकन शीघ्र पूरा कराने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित किया वही इसके लिए खैरागढ़ व छुईखदान के परियोजना अधिकारियों को केंद्रवार समय-सारणी तैयार कर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को प्रस्तुत करने कहा।



### प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश

समीक्षा बैठक मे कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत संधारण के लिए तकनीकी अधिकारी द्वारा प्राक्कलन तैयार कर जिला पंचायत सीईओ को शीघ्र प्रस्तुत करने कहा ताकि भवनों की भौतिक स्थिति में सुधार लाया जा सके। इसके साथ ही विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली सुविधा उपलब्ध कराने संबंधित परियोजना अधिकारियों को आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करने का निर्दश जारी करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे बच्चों और महिलाओं को पोषण, शिक्षा और सुरक्षा की बेहतर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर जिला महिला बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारियो सहित दोनो ब्लाक के सभी सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# प्राइवेट चिकित्सालयों एवं डायग्नोस्टिक सेंटर की बैठक

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न की अध्यक्षता में निक्षय निरामय अभियान एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले के सभी निजी चिकित्सालयों एवं डायग्नोस्टिक सेंटर की बैठक आयोजित की गयी। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि फेस 2 के तहत निक्षय निरामय अभियान 18 मई 2025 से प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने पूर्व की भांति संभावित टीबी मरीजों का निजी क्षेत्रों के एक्स-रे सेंटर एवं अस्पतालों द्वारा निःशुल्क एक्स-रे किए जाने हेतु अपील की गई है। जिससे जिले के अधिक से अधिक संभावित टीबी के मरीजों को एक्स-रे के माध्यम से पहचान किया जा सके। डॉ. नवरत्न ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत मातृ मृत्यु अनुपात को कम करने हेतु प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को पीएमएसएमए दिवस का आयोजन सभी चिन्हांकित शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया जाता है। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है। चिन्हांकित शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निजी स्त्री रोग विशषज्ञों द्वारा निःशुल्क वालेंटियर सर्विसेस एवं डायग्नोस्टिक सेंटर से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी निःशुल्क किए जाने के लिए सहयोग हेतु अपील की गयी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया, डॉ. बीएल तुलावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला सलाहकार डॉ. स्नेहा जैन सहित जिले के सभी निजी चिकित्सालयों एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में गोंडवाना समाज का विशाल जनसैलाब उमड़ा

# अवारी में तीन दिवसीय अंतरज्यीय महासभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बालोद जिले के ग्राम आवारी (लिम्हाटोला) स्कूल मैदान में गोंडवाना समाज संभाग मोहला अंतर्गत 19 से 21 मई तक आयोजित अंतर्राज्यीय तीन दिवसीय पंचवर्षीय महासभा के अवसर पर गोंडवाना समाज का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। तीन दिवसीय आयोजन में गोंडवाना समाज संभाग मोहला के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली एवं गोंदिया जिले के लगभग डेढ़ लाख लोगों ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।




तीन दिवसीय आयोजन में कांकेर सांसद भोजराज नाग, छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, मोहला-मानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह समेत अकबरराम कोर्राम, नरेन्द्र नेताम, जगत सलामे, मोहन हिड़को, सुरेश दुग्गा, हीरेसिंह धावड़े, तुकाराम कोर्राम, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, डीआर आचला, पूर्णानंद नेताम, तुलसीराम मरकाम, चंद्रेश ठाकुर, कुमार कोरेटी, मुकेश कौड़ो, गेंदकुंवर ठाकुर, भोलाराम नेताम, मिथलेश नरोटी, नीलिमा श्याम, आत्माराम कौड़ो, बाबूराव हिड़को, गोविंद टेकाम, दिनेश कोरेटी, पदुमसिंह तोप्पा, छबिलाल वट्टी, अजित कचलाम, मानसाय बोगा, मनहरण लाल कुंजाम, कुलेश्वर हिचामी, जीवराखन लाल उसारे, ओमप्रकाश कोड़ापे, लखन सोरी, मन्ने सिंह मंडावी, पुरूषोत्तम मंडावी, चंद्रभान सिंह घावड़े, जैस मंडावी समेत अन्य लोग शामिल थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते कांकेर सांसद भोजराज नाग ने गोंडवाना समाज के सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते गोंडवाना संस्कृति को विश्व का सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट संस्कृति बताया। उन्होंने गोंडवाना समाज संभाग मोहला को सांसद निधि से 10 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। विकास मरकाम ने गोंडवाना समाज एवं संस्कृति की विशेषता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हीरेसिंह घावड़े, सुरेश दुग्गा, मोहन हिड़को, जगत सलामे, तुकाराम कोर्राम, तुलसीराम मरकाम, गोविन्द टेकाम, दिनेश कोरेटी एवं अन्य सामाजिक प्रमुखों ने भी संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### समाज के विकास के लिए शिक्षा संगठन एवं मद्य निषेध आवश्यक

इंद्रशाह मंडावी ने समाज के विकास के लिए शिक्षा संगठन एवं मद्य निषेध को आवश्यक बताया। उन्होंने विधायक निधि से गोंडवाना समाज संभाग मोहला को 10 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। नरेन्द्र नेताम ने गोंडवाना समाज संभाग मोहला के सामाजिक संरचना एवं विशेषताओं पर प्रकाश डाला। नम्रता सिंह ने गोंडवाना समाज संभाग मोहला के भवन के विस्तार हेतु 20 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने गोंडवाना भवन डौंडी के विस्तार हेतु 50 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

# समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से की मुलाकात



**खैरागढ़।** जिला सिन्हा कलार समाज के प्रतिनिधियो ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से सौजन्य भेंटकर सामाजिक गतिविधियो से अवगत कराया। चंदनहा कलार समाज का सिन्हा कलार समाज में विलय बाद जिले मे विशाल सामाजिक जन समूह विभिन्न ग्रामों में निवासरत हैं। समाज के जिला अध्यक्ष दीनदयाल सिन्हा की अगुआई में विशेष आमंत्रित सदस्य बिसौहा राम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद सिन्हा, जिला संरक्षक शिवराम सिन्हा, नर्मदा मंडल संरक्षक आनंद राम सिन्हा, जिला विशेष सलाहकार नरोत्तम सिन्हा, खैरागढ़ मंडलेश्वर कुंभलाल सिन्हा, नर्मदा सचिव गुमान सिन्हा, जिला प्रचार मंत्री प्रेमलाल सिन्हा सहित कलार सिन्हा समाज के अन्य सदस्यो ने सौजन्य भेंट के दौरान कलेक्टर को सामाजिक गतिविधियो से अवगत कराया वही सामाजिक उत्थान को लेकर समाज द्वारा किए जा रहे प्रयासो की सिलसिलेवार जानकारी दी।

# आंगनबाड़ियों में एक्सपायरी के करीब सामान का वितरण, गुणवत्ता भी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आंगनबाड़ियों में साफ-सफाई के लिए वितरित की गई सामग्री में कई गुणवत्ताहीन सामग्रियां दी गई है। वहीं कुछ सामग्रियों के एक्सपायरी डेट काफी नजदीक हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से दी जाने वाली यह सामग्री भी पर्याप्त नहीं होती है। आंगनबाड़ियों में कुर्सी टेबलों की कमी भी है। वहीं बच्चों के खेल सामग्रियां भी वर्षों से वितरित नहीं हुई है। आंगनबाड़ियों को आधुनिक बनाने के लिए बच्चों को डिजिटल तरीके से पढ़ाई करने आंगनबाड़ियों में एलईडी टीवी तो लगा दिया गया है, लेकिन आंगनबाड़ियों में अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं आंगनबाड़ियों में दैनिक उपयोग की सामग्रियों के लिए राशि देना बंद कर सीधे सामग्री ठेकेदार के माध्यम से सप्लाई हो रही है। जिसकी वजह से सामग्रियों की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है।

## मार्च में सप्लाई, आंगनबाड़ी में इस माह में एक्सपायरी हो जाएंगे कई सामान

### वर्ष में एक बार वितरण

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्ष में एक बार इस तरह से साफ-सफाई का सामान दिया जाता है, जो न काफी है। आंगनबाड़ी में प्रतिदिन दो टाइम झाड़ू लगता है, ऐसे में एक झाड़ू सालभर भला कैसे चलेगा। वहीं बर्तन धोने के लिए भी 3 किलो का एक पैकेट डिटर्जेंट पावडर दिया जाता है, यह पावडर भी स्तरहीन है। पावडर में झाग नहीं होता है, केवल राख होता है। उन्होंने कहा कि यह सामग्रियां महीने-2 महीने में खत्म हो जाती है और वह स्वयं के खर्चे से स्वच्छता की सामग्री लाती है।

### दो साबुन और एक झाड़ू

लगभग दो-ढाई माह पूर्व आंगनबाड़ियों की साफ-सफाई के लिए एक नग झाड़ू, एक बोतल फिनाईल, दो नग छोटे नीम साबुन, 3 किलो डिटर्जेंट पावडर, कचरा फेंकने की सुपली, एंटीसेप्टिक लिक्विड, नेल कटर दिया गया है। इसमें से अधिकांश प्रोडक्ट के एक्सपायरी डेट काफी नजदीक है। एंटीसेप्टिक लिक्विड की एक्सपायरी मई माह तक ही है। ऐसे में इसे वर्षभर कैसे चलाया जाएगा।



### वर्षों से नहीं मिले खिलौने

आंगनबाड़ियों की कार्यकर्ताओं ने बताया कि विगत कई वर्षों से आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए घोड़ा-गाड़ी, फिसल पट्टी सहित अन्य खेल सामग्रियां नहीं दी गई है। वर्षों पहले जो सामग्री दी गई थी, वह टूट चुकी है। कुछ आंगनबाड़ियों में चावल रखने टीन की पेटी भी सप्लाई की गई है, लेकिन अब तक सभी आगंनबाड़ियों में पेटी नहीं पहुंची है। कुछ आंगनबाड़ियों में पहुंची पेटी की गुणवत्ता खराब बताई जा रही है।

### नहीं मिल रही नगद राशि

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि पहले इन सामग्रियों की खरीदी के लिए नगद राशि दी जाती थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों से राशि देना बंद कर दिया गया है और अब सामान की सप्लाई होती है, लेकिन सामान की गुणवत्ता ठीक नहीं होती है। खराब सामान मिलने पर हम उसे उपयोग भी नहीं कर पाते हैं और उसकी जगह स्वयं के रुपए खर्च कर दूसरा सामान लाना पड़ता है।

## सार समाचार

### संस्कारधानी की जनता धृतराष्ट्र की तरह आंखों में पट्टी बांधकर नहीं रखती -सूर्यवंशी

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय/महिला पॉलिटेक्निकल कॉलेज/ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, शासकीय एकलव्य आदर्श विद्यालय शिक्षण संस्थान के सामने स्थित 15 दिन पूर्व खुले शराब दुकान तत्काल हटाए जाने की मांग की। श्री सूर्यवंशी ने बताया कि राजनांदगांव बायपास मार्ग (रेवाड़ीह) स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, महिला पॉलिटेक्निकल कॉलेज, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तथा शासकीय एकलव्य आदर्श विद्यालय शिक्षण संस्थानों के ठीक सामने महज 20 मीटर के अंतराल में राजनांदगांव आबकारी विभाग द्वारा नियम विरुद्ध शासकीय शराब दुकान खोलकर उसका संचालन किया जा रहा है, जो निंदनीय व गैरजिम्मेदाराना और विचलित करने वाला विषय है। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि संस्कारधानी की जनता धृतराष्ट्र की तरह आंखों में पट्टी बांधकर नहीं रखती, जो किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करेगी। तत्काल शराब दुकान को जल्द ही वहां से हटाया जाए अन्यथा भविष्य में किसी घोर आक्रोश का सामना विभाग के न्यायालय विरुद्ध अनैतिक कृत्य के चलते जिम्मेदार अधिकारियों को करना पड़ सकता है। इस तरह के घोर लापरवाही से हमारी सरकार की छवि जनता के बीच धूमिल करने का प्रयास कतई स्वीकार्य नहीं होगा।



### तसनीम ने हासिल किया पहला रैंक



**राजनांदगांव।** शहर के स्टेट हाई अंग्रेजी माध्यम स्कूल में परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। स्कूल की आठवीं कक्षा में छात्रा तसनीम अख्तर ने 90.83 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता पर शिक्षकों एवं उनके पिता डॉ. तहजीब अख्तर और माता ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पेयजल की समस्या से निजात दिलाने कराया नया बोर

**सोमनी।** गर्मी में पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान है। इसी समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने ग्राम पंचायत सोमनी में पंचायत द्वारा बाजार चौक मिनीमाता के पास नया बोरवेल कराया है, ताकि गांव के लोगों को जलसंकट जैसी समस्या से निजात मिल सके। बता दें कि लंबे समय से बाजार चौक में बोरवेल की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। सरपंच नीलिमा साहू ने ग्रामीणों की इस परेशानी को दूर करने बीते दिनों पूजा-अर्चना कर नया बोर करवाया। नया बोरवेल होने से बाजार चौक के आसपास रहने वाले लोगों को इस गर्मी में जलापूर्ति करने में अब परेशानी नहीं होगी। इस दौरान क्षेत्र के भाजपा नेता कृष्णा तिवारी, सरपंच नीलिमा साहू, ग्राम पंचायत की महिला पंच सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सोमनी की नवनिर्वाचित सरपंच नीलिमा साहू ने कहा कि गांव में पेयजल के साथ रोड, नाली और बिजली जैसी मूलभूत समस्या है। इन सभी मूलभूत के कार्यों को कराना ही पहली प्राथमिकता है, ताकि गर्मी और बारिश के दिनों में गांव वालों को किसी तरह की समस्या से जूझना ना पड़े। बारिश से पहले सभी जरूरी कार्यों को पूरा करना है।



### आपरेशन सिंदूर पर काव्य गोष्ठी 25 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के तत्वावधान में 25 मई को सृजन संवाद में आपरेशन सिंदूर पर केंद्रित साहित्यिक विमर्श एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि रविवार को 12 बजे दिग्विजय कॉलेज परिसर स्थित सृजन संवाद में आयोजित इस साहित्यक विमर्श में उपस्थित कवि/साहियकारों एवं चिंतकों द्वारा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर और हमारे सैनिकों की जांबाजी से आपरेशन को मिली ऐतिहासिक सफलता पर चर्चा की जाएगी और शौर्यता के रंग में भीगे कविताओं का पाठ किया जाएगा।

### संविधान बचाओ रैली का आयोजन

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 22 मई को राजनांदगांव विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष व विस. चुनाव प्रत्याशी गिरीश देवांगन सहित कांग्रेसजन व कार्यकर्ता शामिल हुए। शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश, जिला, विधानसभा, ब्लॉक, वार्ड, बूथ स्तर पर यह रैली का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में आज ग्राम ढोड़िया से हल्दी वार्ड तक और हल्दी वार्ड का भ्रमण करते हल्दी चौक में सभा होकर यह विधानसभा स्तरीय रैली आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन संविधान का और भारत रत्न बाबा साहब आंबेडकर का जयघोष करते आगे बढ़े। कार्यक्रम को संबोधित करते गिरीश देवांगन ने कहा कि भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। आजादी के पश्चात संविधान की आवश्यकता होने पर संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में भारत देश की आत्मा कही जानी वाली संविधान का निर्माण हुआ। 26 जनवरी 1950 को इसे अंगीकार कर भारत गणतंत्र बना। संविधान हमें समानता, बराबरी, आरक्षण का अधिकार देता है, ताकि पिछड़े, दलित, वंचित लोगों का जीवन स्तर ऊंचा कर उनका उत्थान हो सके। बीजेपी का आरक्षण समाप्त करने का छुपा एजेंडा है।



## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

# निर्माण कामों में गुणवत्ता नहीं होने पर ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सभी अधिकारी नियमित तौर पर दौरा करेंगे और जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं सभी विभागों के अधिकारी मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व के छोटे-छोटे कार्यों के लिए नागरिकों को भटकना न पड़े। सभी राजस्व अधिकारी जनमानस के लिए संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से कार्य करें।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड शासन की महती योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए यह जरूरी है कि डोर-टू-डोर सर्वे करने के साथ ही ऐसे व्यक्ति जो पलायन कर गए हैं या जिनका आधार अपडेट नहीं है, उनके आयुष्मान कार्ड निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर उसके मेन्टेनेंस का कार्य शीघ्र होना चाहिए। वास्तविक खपत से अधिक खपत होने की स्थिति में कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में गति लाने कहा। उन्होंने सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी लेते कहा कि जिले में इस योजना से अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित कराएं, इससे बिजली के बिल में कमी आएगी। कलेक्टर ने जिले में निर्माण कार्य से जुड़े पीडब्ल्यूडी, आरईएस सहित अन्य विभागों को निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रेडा, नगर निगम एवं निर्माण कार्य से जुड़े अन्य विभागों को गुणवत्ता कार्य नहीं होने पर कान्ट्रेक्टर का ठेका निरस्त करने तथा ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीएल में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।




### आबादी पट्टे की समीक्षा

जिला पंचायत सीईओ ने बारिश को ध्यान में रखते पौधरोपण कार्य के लिए आवश्यक तैयारी रखने कहा। उन्होंने कहा कि भूमिहीन व्यक्तियों को आबादी पट्टा देने कार्य करने की आवश्यकता है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान में अग्रणी रहना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 29 से विकसित कृषि संकल्प अभियान

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासन द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रमुख खरीफ फसल की नवीनतम तकनीक के संबंध में किसानों को जानकारी देने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में भी बताया जाएगा।

### सौंदर्यीकरण के कामों को शुरू करने निर्देश

शहर के विभिन्न उद्यानों के रखरखाव का कार्य उद्योगों को भी दें। उन्होंने शहर के सभी गार्डन के सौंदर्यीकरण, रखरखाव एवं मरम्मत के लिए मिशन मोड में कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की दुकानों में किराया नहीं देने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करें तथा हाऊसिंग बोर्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में अवैध कब्जे को हटाने कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

## उपद्रव करने वाले, शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव करने वाले एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 23 मई को थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शराब पिलाने वालों के संस्थान पर रेड कार्रवाई किया गया। मौके पर आरोपी अमित कंडारा, चेतन, गणेश, संजय ढीमर, मनीष यादव को सार्वजनिक स्थान में शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 36 (सी) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार बढ़ते अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक स्थानों में उपद्रव कर आमजन को परेशान करने वाले अनावेदक फनीश उर्फ अमन रजक, भोजराज उर्फ बुटीक रजक, त्रिभुवन ध्रुव के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## नाराज दामाद ने सास पर चाकू मारकर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घरेलू बात को लेकर आक्रोशित दामाद ने अपने सास पर चाकू मारकर घायल कर फरार हो गया था, जिसे पता तलाश कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया कुसनबाई निषाद 50 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर की रिपोर्ट 22 मई को दामाद शंकरलाल निषाद अपने तीनों बच्चों के साथ प्रार्थिया के घर आया और शाम लगभग 7 बजे घर बर्बाद कर दिए हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से प्रार्थिया पर प्राणघातक हमला कर पेट, दाहिने हाथ, माथे पर चाकू से चोंट पहुंचाया। चिल्लाने पर प्रार्थिया का पति आकर बीच बचाव किया, तब आरोपी अपने तीनों बच्चों के साथ वहां से भाग गया। प्रार्थिया आहत को इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए हैं। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1), 351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक राजेश साहू,उप निरीक्षक हृदयशंकर पटेल, सउनि राजू मेश्राम, अश्वनी यदु, आरक्षक कमलकिशोर यादव, फागु साहू की सराहनीय भूमिका रही।

### आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में लालबाग थाना की टीम गठित कर फरार आरोपी शंकरलाल निषाद निवासी पठान ढोडगी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने व आरोपी के पेश करने पर घटना में प्रयुक्त चाकू को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## उचित पहल का आश्वासन के साथ अनशन समाप्त



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में नगर पालिका निगम के कर्मचारियों एवं जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर छमुमो के अध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा आमरण अनशन 19 मई से निगम कार्यालय के गेट के पास किए थे।

छमुमो के अध्यक्ष व पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर की उपस्थिति में जिला प्रशासन के अधिकारी नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं तहसीलदार मनीष वर्मा तथा कोतवाली टीआई रामेन्द्र सिंह की उपस्थिति में अधिकारी-कर्मचारियों की मांगों एवं जनता के मूलभूत समस्या पर विस्तृत चर्चा कर उचित पहल करने के आश्वासन के साथ अधिकारियों द्वारा आमरण अनशन पर बैठे प्रेमनारायण वर्मा को जूस पिलाकर अनशन को समाप्त कराया। धरना स्थल में श्रमिक संगठन एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जिसमें चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, दुर्गाराम साहू, मेघदास वैष्णव, बसंत साहू, शेख अंसार, अशोक मारकंडे, भगोलीराम वर्मा, रामजी साहू, मन्नूलाल यादव, खुमानलाल साहू, परसराम सिंह, सेवाराम साहू, ललित साहू, कृष्णा साहू, गोपाल साहू, सुनील देवांगन, विष्णु देवांगन, पोषण निषाद, प्रमोद साहू, ज्ञानेन्द्र देवांगन, विजय मारकंडे, गोकुल साहू आदि कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नक्सल पीड़ित परिवारों ने गृहमंत्री से लगाई न्याय की गुहार



**मोहला।** जिला के नक्सल हिंसा से प्रभावित नक्सल पीड़ित महिलाओं ने कार्यक्रम के अनुसार गृहमंत्री निवास रायपुर पहुंचे। नक्सल पीड़ित परिवार को नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 का लाभ नहीं मिलने का आरोप लगाया है।

नक्सल पीड़ति महिला रामसो आंचला, रामबाई मंडावी व सनारो दुग्गा ने कहा कि हम लोगों के पति को नक्सलियों ने पुलिस का मुखबीर बताकर हत्या कर दिया गया। साथ ही हमें गांव से भगा दिया है। शासन के नीति का लाभ आज तक हमें नहीं मिला है। जबकि मृतक के परिवार को नौकरी या सहयता राशि देने का प्रावधान रखा गया है। हमारे द्वारा नई पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, इसलिए गृहमंत्री निवास पहुंचकर आवेदन पर उचित कार्रवाई कर लाभ दिलाने का निवेदन किया गया।

पीड़ित परिवारों की ओर से नेतृत्व कर रहे संगठन प्रमुख धीरेन्द्र साहू ने बताया कि मृतक के परिवार को नौकरी या बदले में 15 लाख, जमीन आवास, शिक्षा देने का प्रावधान रखा गया है। हमने सभी विभागों को लेटर जारी कर नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ दिलाने का निवेदन किया है। गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा जल्द ही सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षकों की मीटिंग कर सभी पीड़ित भाई-बहनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। गृहमंत्री के आश्वासन बाद हम वापस अपने घर लौट गए हैं, लेकिन 15 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर दोबारा गृहमंत्री निवास आने का फैसला पीड़ित परिवार द्वारा लिया गया है।

## यातायात नियमों की दी जानकारी, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया में तीन सवारी, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, मालवाहक में यात्री परिवहन न करने के संबंध में समझाइस दी एवं चालानी कार्रवाई की।

जिला केसीजी में सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्यु दर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से समझाईश देने व चालानी कार्रवाई करने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा एक ओर लगातार समझाईश देते चालानी कार्रवाई की जा रही है।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज यातायात नियमों का पालन करने वाले दोपहिया, चार पहिया वाहन चालकों को, जो हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के साथ-साथ वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज रखने वाले सभी वाहन चालकों को इतवारी बाजार चौक खैरागढ़ में करीब 55 वाहन चालकों को प्रोत्साहित किया गया।



### 22 प्रकरण में 66 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई

वाहन चेकिंग करते छोटी, बड़ी, मध्यम वाहनों में खामियां पाए जाने पर कुल 22 प्रकरण में 6600 रुपए की चालानी कार्रवाई किया गया। जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से एलईडी लाइट नहीं लगाने, सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, मालवाहक वाहनों पर सवारी नहीं ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने नहीं देने, एक अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटि नंबर प्लेट लगाने, राहवीर (गुड सेमेरिटन) तथा दुर्घटना में घायल का नगद रहित इलाज के संबंध में जानकारी एवं समझाईश दिया गया। साथ ही यातायात से संबंधित सुगम, निर्बाध, सुव्यवस्थित आवागमन सुचारु रूप से संचालन हेतु कार्ययोजना तैयार कर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, मृत्यु दर को कम करने के लिए दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है एवं शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही स्कूल बसों की निर्धारित मापदंडो को पूर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र, चालकों का स्वास्थ्य, चरित्र सत्यापन किया जाना है।



### समाधान शिविर में जनता से सीधे संवाद में विकास को बताया पहली प्राथमिकता: नपाध्यक्ष

# हर समस्या का हो रहा समाधान, राज्य सरकार की भरोसेमंद पहलः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा वीर सावरकर भवन में एक दिवसीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाना है। शिविर में मुख्य रूप से राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ईश्वरी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी तथा भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा सहित नगर पालिका के सभापतिगण, पार्षदगण उपस्थित थें।

जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से सीधे-संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन जनता और प्रशासन के बीच सेतु निर्माण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। सांसद पाण्डेय ने कहा समाधान शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। पारदर्शी, जवाबदेह और सहभागी प्रशासन की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और किसानों के लिए संचालित योजनाओं की सराहना की। श्री पाण्डेय ने यह भी कहा कि शासन और प्रशासन की यह संयुक्त कोशिश आम नागरिकों को सशक्त बना रही है।




#### हमारा शहर, हमारी जिम्मेदारीः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में चल रहे सुशासन तिहार अंतर्गत आज वीर सावकर भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है, समाधान शिविर में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। प्राप्त आवेदनों में अधोसंरचना मांग जैसे आवेदनों का सूक्ष्मता का परीक्षण कर प्राक्कलन तैयार कर सीसी रोड, नाली निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर वार्ड में विकास कार्य कराएं जायेगें। उन्होनें कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य शहर के विकास और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का निराकरण करना व उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाना। स्वच्छता, पानी की व्यवस्था, सड़कें और स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होनें मंच के माध्यम से अपील करते हुए कह कि अपने-अपने क्षेत्र की साफ-सफाई में सहयोग करें और नगर पालिका के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। समाधान शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। उन्होने केन्द्र सरकार, राज्य सरकार व शहर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया तथा ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ चलकर चहुंमुखी विकास करने की बात कही।

#### प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक का वितरण

सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में शहरवासियों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया, साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाया गया। शिविर में कवर्धा शहर के पात्र 103 हितग्राहियों को उपस्थित अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र का वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। जैसे ही लाभार्थियों को उनके अपने घर का सपना पूरा होने का स्वीकृति पत्र मिला, उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

# रूसे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित हुईं विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा/कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रूसे में समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी के सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा कथा श्रवण पान करने पहुंची। जहां पंडरिया विधायक भावना बोहरा कथा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति व ग्रामवासियों एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के अगुवाई में आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं श्रीमती भावना बोहरा ने भगवान श्री कृष्ण की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर भगवताचार्य महराज की स्वागत करते हुए प्रदेश एवं ग्रामवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। वहीं श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में श्रीकृष्ण की नगरी वृन्दावन धाम से पधारे भगवताचार्य कविचंद्र महराज के श्रीमुख से मधुर कथा का प्रवाह हो रहा है, जिसमें क्षेत्रवासियों तथा भक्तजनों द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर रहे है। तत्पश्चात उन्होने ग्रामवासियों से भेंट-मुलाकात कर कुशल-प्रेम पूछा। इस दौरान जिला मंत्री ओम यदु, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, विकास पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे, महामंत्री सुमन गुप्ता, महामंत्री मनहरण साहू, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता महादेव चंद्राकर, पूर्व महामंत्री गीताराम साहू, सोसायटी अध्यक्ष सुधाराम साहू, सरपंच दिलीप चंद्रवंशी, रमन खनूजा, सूरज यादव, नीलू साहू, रामकृष्ण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

## अवैध कच्ची महुआ मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** आबकारी विभाग की अवैध कच्ची महुआ मदिरा शराब के खिलाफ अभियान के तहत श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी नवीन प्रताप सिंह तोमर व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। आबकारी वृत्त सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम छीरबांधा में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर आरोपी बाबूलाल यादव पिता संतोषी यादव के निवास पर दबिश दी गई। वहीं विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 20 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। मदिरा को मौके पर जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34 (1) क, 34 (2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में वृत्त पंडरिया प्रभारी अभिनव आनंद बख्शी, जगदीश सिंह उईके, कमल मेश्राम, इम्तियाज खान वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।

# बिजली गुल व लो-वोल्टेज की समस्या से जुझ रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

बिजली सर्विस स्टेशन कोलेगांव में लो-वोल्टेज की समस्या को देखते हुए 33/11 केव्ही अतिरिक्त पावर क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने हेतु निर्माण किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य किया जा रहा है एवं सभी लाइन को बंद कराया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार को उपकेंद्र दामापुर एवं कोलेगांव का ठेका मिला है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण पॉवर ट्रांसफार्मर का कार्य आज पर्यन्त तक पूर्ण नहीं हो पाया है जिसकी खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्य की प्रगति एवं व्यवस्था की जांच नहीं की जा रही है, यही कारण है कि इतनी धीमी गति के कार्य हो रहा है, जिसमें आम नागरिकों व उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार लाईट बंद किया जाता है वहीं रोजाना घंटों लाईट बंद होने से गर्मी व उमस से क्षेत्रवासियों तथा उपभोक्ताओं को भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण कराए जाने की अपील की गई ताकि कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को सुचारू रूप से बिजली मिल सकें।

# वनरक्षक भर्ती में स्वामी विवेकानंद अकादमी के छात्रों का 36 में से 13 पदों पर चयन



■ विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी ने एक बार फिर जिले का नाम रौशन किया है। हाल ही में घोषित वनरक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम में जिले के लिए निर्धारित 36 पदों में से 13 पदों पर अकादमी से प्रशिक्षित विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल अकादमी बल्कि पूरे कबीरधाम पुलिस विभाग के लिए गर्व का विषय है। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह अन्य अधिकारियों के साथ अकादमी पहुंचे और चयनित छात्र-छात्राओं को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह अकादमी छत्तीसगढ़ पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पहल का हिस्सा है, जो युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें सुरक्षा बलों, अर्धसैनिक बलों एवं अन्य सेवाओं में करियर बनाने हेतु तैयार करती है। स्वामी विवेकानंद अकादमी के माध्यम से अब तक कुल लगभग 500 युवक-युवतियों का चयन पुलिस आरक्षक, पुलिस उप निरीक्षक, वनरक्षक, अर्धसैनिक बल, सेना, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के आरक्षक एवं नगर सैनिक जैसे विभिन्न पदों पर हो चुका है। यह न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह सफलता उन सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण, परिश्रम और मार्गदर्शन का परिणाम है जो इस अकादमी के संचालन में लगे हैं। यह अकादमी पुलिस और समाज के बीच सकारात्मक संवाद का सेतु बन चुकी है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कृष्ण कुमार चंद्राकर, डीएसपी आशीष शुक्ला उपस्थित थें उन्होंने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। आरक्षक विक्की चंद्रवंशी, प्रदीप श्रीवास, दशरथ साहू, महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी व महिला नगर सैनिक रीना शर्मा ये सभी प्रशिक्षक सेवा भावना से युवाओं को नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसमें शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर पखवाडा कार्यक्रम

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान व जिला भाजपा अध्यक्ष निर्देशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शुक्रवार को भाजपा कुई-कुकदुर में लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पखवाडा कार्यक्रम के अवसर पर मां चंडी मंदिर प्रांगण एवं आगर नदी घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति दीपा पप्पू धुर्वे, मंडल अध्यक्ष बसंत वाटिया, महामंत्री दशरथ कुम्भकार, उपाध्यक्ष भगऊ धुर्वे, द्वारिका विश्वकर्मा, पार्वती सुनहले, मंत्री-रामगोपाल वट्टी, मधुर मरावी, भागसिंह मरावी अध्यक्ष चांटा समिति, यशवंत श्रीवास युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, राहुल जैन, अमित ड़ड़सेना, वीरेंद्र धुर्वे, बूथ अध्यक्ष- भरतलाल कुम्भकार, विश्वनाथ धुर्वे, रामदुलारी साहु, छोटेलाल श्याम, परसराम यादव, चंदरलाल टेकाम, जयलाल पन्द्राम, शंकरलाल टेकाम, पार्वती बाई, अंगदसिंह सहित क्षेत्र पदाधिकारी व जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# कुण्डा में अहिल्या बाई होलकर जयंती पर चलाया पखवाड़ा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह के आदेशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के आह्वान पर मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा ने लोकमाता रानीबाई अहिल्याबाई होलकर के जयंती के अवसर पर पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम कुण्डा में स्थित श्रीहरि मंदिर प्रांगण, मां दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, महामंत्री मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, उपाध्यक्ष संतोष ध्रुव, कोषाध्यक्ष गणेश यादव, सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा, गणेश सोलंकी, बूथ अध्यक्ष साहेब लाल सोनवानी, बूथ अध्यक्ष पन्ना साहू, रमन सिंह खनूजा, जेठू निर्मलकर, कॉलेज अध्यक्ष पुरषोत्तम निर्मलकर, देवेंद्र चंद्रवंशी, राजेश यादव, पूर्णिमा चंद्रसेन, राजकुमार कश्यप, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# वन अधिकार समितियों का पंचायत स्तरीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में ग्राम लब्दा में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों की प्रक्रिया पर रिफ्रेशर प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में बोदा, कुरलुपानी, जोकपानी एवं लब्दा ग्रामों से वन अधिकार समिति के कुल 43 सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को दावा फार्म भरने की तकनीकी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की सूची तथा संलग्न साक्ष्यों की समझ को सुदृढ़ करना था। प्रारंभ में प्रतिभागियों को वन अधिकार कानून की मूल अवधारणा, प्रक्रिया एवं उसके महत्व की जानकारी दी गई। तत्पश्चात व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावा फार्म के विभिन्न खंडों की विस्तार से व्याख्या की गई। प्रशिक्षण को व्यावहारिक बनाते हुए प्रतिभागियों को चार समूहों में बांटकर दावा फार्म भरने का अभ्यास कराया गया। प्रत्येक समूह द्वारा भरे गए फार्म की प्रस्तुति की गई, जिस पर विशेषज्ञ प्रशिक्षक ने मार्गदर्शन एवं सुधारात्मक सुझाव दिए। इस प्रक्रिया ने प्रतिभागियों की व्यावहारिक समझ को और गहरा किया। श्री वैष्णव ने अपने संदेश में कहा कि वन अधिकार अधिनियम के सही क्रियान्वयन हेतु जमीनी स्तर पर कार्यरत समितियों को तकनीकी समझ देना अत्यंत आवश्यक है। शिखर युवा मंच इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण की सराहना की एवं भविष्य में भी ऐसे आयोजन की मांग रखी। प्रशिक्षण से यह निष्कर्ष निकला कि सही मार्गदर्शन एवं अभ्यास के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाया जा सकता है।




### जल संरक्षण के साथ भू-जल स्तर में वृद्धि करते हुए आजीविका की गतिविधियों को मिला बढ़ावा

# महात्मा गांधी नरेगा से निर्मित अमृत सरोवर बना आजीविका का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोना में बनाए गए अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य बाजार तालाब अब ग्रामीणों को लाभान्वित करने लगा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत अमृत सरोवर का निर्माण 8 दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुआ जो अब पूरा हो चुका है। इस कार्य की लागत राशि 9.71 लाख रुपए थी। निर्माण कार्य पूरा होने पर इसमें कुल 6 लाख 16 हजार 5 सौ 43 रुपए व्यय हुआ जिसमे मजदूरी पर 1.65720 लाख रुपए एवं सामाग्री पर 4.50823 लाख रुपए खर्च आया। अमृत सरोवर का निर्माण कुल 20 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत अमृत सरोवर फेस-2 में इस सरोवर का चयन किया गया है। यह सरोवर गांव के केन्द्र में लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, इस सरोवर के जीर्णोद्धारा एवं साफ-सफाई कराया गया।

सरोवर निर्माण के दौरान गांव के 324 पंजीकृत परिवारों के 689 श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हुआ और इसके साथ ही मजदूरी की राशि ग्रामीणों के बैंक खाते में सीधे जारी हुआ। गांव के बीचो-बीच बने सरोवर के आस-पास वातावरण को स्वच्छ सुंदर एवं प्राकृतिक रूप से हरा-भरा रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्य भी कराया गया है जो अब देखते ही बनता है। महात्मा गांधी नरेगा योजना से अमृत सरोवर बनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण करते हुए भू-जल स्तर में वृद्धि कर ग्रामीणों को इसमें आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को जोड़ना है। सरोवर का देखभाल और इसके रख रखाव के लिए मां चन्द्रहासिनी महिला स्वं सहायता समूह को दिया गया है। समूह के सभी सदस्य निषाद परिवार से है जिनका परंपरागत कार्य मछली पालन व्यवसाय है। अब इस समूह की महिलाओं द्वारा सरोवर में मत्स्य पालन का व्यवसाय किया जा रहा है। 6 माह पहले प्रारंभ किया गया मछली पालन का व्यवसाय अब जोर पकड़ने लगा है। समूह द्वारा अब तक मत्स्य विक्रय कर 1.20 लाख रूपए की आमदानी प्राप्त की जा चुकी है। रोहू, कतला, मृगल जैसे प्रचलित एवं पसंद किए जाने वाले मछलियां ग्रामीणों को अमृत सरोवर से प्राप्त हो रहा है। समूह द्वारा प्रत्येक सप्ताह जल डालकर मछलियां निकली जा रही है जो लगभग 1 से 2 किलो के साइज के है।

बिरकोना गांव के निवासियों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मछलियां गांव के अंदर ही 80 से 100 रुपए प्रति किलो के दर से मिल रहा है। मछलियां बेचकर मां चंद्रहासिनी महिला स्व सहायता समूह की सभी 10 सदस्य आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। वह अब अपने परिवार के दैनिक जरूरत को आसानी से पूरा करते हुए परिवार का मजबूत सहारा बन गई हैं। इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का योगदान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है।

#### योजनाओं के अभिसरण से समूह के तीन सदस्य लखपति दीदी योजना में हुई शामिल

योजनाओं के अभिसरण ने एक नई रहा दिखाई है, जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले मां चंद्रहासिनी स्व सहायता समूह को रोजगार गारंटी योजना से निर्मित अमृत सरोवर में मछली पालन का अवसर मिला। 10 सदस्य समूह में से तीन सदस्य श्रीमती संतोषी निषाद जो पहले से सिलाई दुकान एवं कपड़ा सिलने का काम करती थी। साथ मे श्रीमती मालती निषाद एवं श्रीमती मंगली निषाद के पति राजमिस्त्री का कार्य करते हैं और वो उनका सहयोग कर अलग से आमदनी अर्जित करती थी। अब महात्मा गांधी नरेगा योजना से निर्मित तालाब के द्वारा मछली पालन करने से इन तीनो सदस्यों को भी बड़ा मुनाफा हुआ। यह तीनों सदस्य प्रत्येक साल एक लाख रुपए से अधिक की आमदनी अर्जित करते हुए लखपति दीदी योजना में शामिल हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### विभाग ने पात्रता अपात्रता सूची की गई जारी

**कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला कबीरधाम में पोषण पुनर्वास केन्द्र के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अटेंडेंट एनआरसी एवं कुक एनआरसी पदों की पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। यह सूची 18 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में जारी की गई है, जिसमें कुल 4 प्रकार के 9 पदों पर भर्ती की जानी है। जारी की गई पात्र-अपात्र सूची को जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर देखा जा सकता है, साथ ही यह सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम के सूचना पटल पर भी चस्पा कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इस सूची के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे 03 जून 2025 की सायं 05:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में दावा/आपत्ति सीधे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार के दावे या आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें तथा वेबसाईट पर नियमित रूप से अपडेट की जानकारी लेते रहें।

### पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** शासकीय स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी खिलाड़ियों (पुरुष एवं महिला) के लिए शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में बीपीएड एवं डीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 जून 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिन सहायक शिक्षकों की रूचि विभागीय प्रशिक्षण (बीपीएड अथवा डीपीएड) प्राप्त करने में है, वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम कार्यालय में 10 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।

# शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय चौपट करने में लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश में मार्च महीने के बाद जैसे ही गर्मी का प्रकोप बढ़ते जाता है, उसके बाद शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों की हरकतें भी बदलने लगती है। ऐसा लगता है कि गर्मी का असर सबसे अधिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर पड़ता है। ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ती है, त्यों-त्यों वे विचलित होने लगते हैं। अप्रैल महीने के आखिरी सप्ताह आते ही इधर-उधर की विवादित आदेश जारी करने लग जाते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि एक मई से बच्चों व शिक्षकों के लिए डेढ़ माह का ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारम्भ होने वाला है। कभी समर कैंप आयोजन की, तो कभी प्रोजेक्ट कार्य करने का निर्देश दिया जाता है, लेकिन इस बार तो हद ही हो गई। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में एक ऐसे पत्र को उसी मूल रूप में जारी कर दिया गया, जिसे लेकर छः-सात महीने पहले ही शिक्षा जगत में व्यापक विरोध हुआ था और विरोध के चलते ही उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाया गया था। हम बात कर रहे हैं, शिक्षकों व स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की। इस पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि आखिर जिस आदेश को विरोध व खामियों के चलते रोका गया, उसी को मूल रूप में फिर से सामने क्यों लाया गया, जबकि उन्हें पहले से पता था कि इस आदेश के पुनः क्रियान्वयन पर विरोध होना तय है। शिक्षा विभाग युक्तियुक्तकरण की खामियों को दूर करने के बजाय नित नए अव्यवहारिक तथ्य परोसने में क्यों लगा है? यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी जितनी ऊर्जा अपनी गलतियों को छुपाने के लिए तथ्य परोसने में लगे हैं, उतनी ही ऊर्जा शिक्षक संघों के साथ बैठककर युक्तियुक्तकरण के कमियों को सुधारने में लगाते तो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और दुरुस्त होता। शिक्षा विभाग के अधिकारी ही प्रदेश के स्कूलों के लिए जारी 2008 के सेटअप को क्यों नकार रहे हैं, जबकि वह अभी प्रभावशील है, उसी सेटअप के अनुरूप स्कूलों में शिक्षकों के पदों की स्वीकृति भी दिया गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारी जानते हैं कि केवल कोई आदेश को मौखिक रूप से अप्रासंगिक कह देने से ही वह अमान्य नहीं हो जाता है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का यह कहना भी गलत है कि प्राथमिक स्कूलों में केवल दो कक्ष ही बने हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारीगण यह बात स्वीकारने से क्यों डर रहे हैं कि प्रदेश के प्रत्येक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक का एक-एक पद समाप्त कर रहे हैं।

### शिक्षकों के सैकड़ों पद होंगे समाप्त

यह बात पूर्णतः सत्य है कि वर्तमान विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश के 30700 प्राथमिक व 13149 पूर्व माध्यमिक शालाओं को मिलाकर कुल 43849 सहायक शिक्षकों व शिक्षकों के पद को खत्म करने जा रहे हैं। हायर सेकेण्डरी स्कूलों में भी युक्तियुक्तकरण के नाम से सेटअप के विपरीत पदों को समाप्त कर शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने में लगे हुए हैं। वर्तमान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से शिक्षा व्यवस्था कैसे चौपट होगा, उसे इस उदाहरण से समझा जा सकता है कि प्राथमिक शाला में 2008 के सेटअप के अनुसार एक प्रधान पाठक व दो सहायक शिक्षक का पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में प्राथमिक शाला में एक प्रधान पाठक व एक सहायक शिक्षक का पद रखा गया है अर्थात एक सहायक शिक्षक के पद को समाप्त कर दिया गया है। अब यह तथ्य विचारणीय है कि प्राथमिक शाला में कक्षा एक से पांच तक की पांच कक्षाएं तथा बालवाड़ी की एक कक्षा को मिलाकर कुल छः कक्षाओं को दो शिक्षक कैसे पढाएंगे। स्पष्ट है कि शिक्षा विभाग के अधिकारीगण राज्य के गरीब बच्चों के शिक्षा व्यवस्था को पर्याप्त शिक्षक देकर सुधारने के बजाय, शिक्षक की पद घटाकर बिगड़ने में लगे हैं।

### बालबाड़ी के लिए हो अतिरिक्त शिक्षक

नई शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक बालवाड़ी के लिए एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक का पद स्वीकृत किया जाना चाहिए। यदि शासन प्रशासन शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहता है तो शिक्षक संघ के माध्यम से मिले सकारात्मक सुझाव को दरकिनार क्यों कर रहे हैं? शिक्षक संघों के साथ बैठकर इसका समाधान क्यों नहीं निकाल रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो अधिकारियों की मंशा शिक्षा व्यवस्था को सुधारना नहीं, बल्कि चौपट करना है। प्रदेश के 23 शिक्षक संघों ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के लिए एकजुटता प्रदर्शित करते हुए आगामी 28 मई को नवा रायपुर स्थित मंत्रालय के घेराव का निर्णय लिया है, जिसमें जिले के सैकड़ो शिक्षक शामिल होंगे। शिक्षा विभाग के पास अब भी वक्त है कि विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाते हुए शिक्षक संघों से चर्चा कर सन 2008 के सेटअप के अनुसार स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था करे, अन्यथा प्रदेश के एकजुट शिक्षकगण शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार हैं।

## 25 अवैध प्रवासियों और संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों को दबोचा गया

# जिला एसटीएफ की संदिग्धों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में लंबे समय से अवैध रूप से रह रहे बाहरी व्यक्तियों तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ अभियान चला रही है।

इसी कड़ी में 23 मई को एक और वृहद स्तर की कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों की संयुक्त टीम ने संदिग्धों के ठिकानो में दबिश दी। यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया। कवर्धा कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जनरल परेड के बाद स्वयं एसपी श्री सिंह ने कमान संभाली और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी संजय ध्रुव, डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, डीएसपी आशीष शुक्ला एवं जिले के बोड़ला, पोड़ी, चिल्फी, कुण्डा और कवर्धा थानों के थाना प्रभारियों के साथ पुलिस लाइन से महिला आरक्षकों की सहभागिता में अभियान को धार दी। टीम द्वारा नया पुलिस लाइन से लेकर चिल्फी एवं धवईपानी (मध्यप्रदेश बॉर्डर) तक कई किलो मीटर क्षेत्र में फैले झुग्गी, झोपड़ियों, ढाबों, निर्माण स्थलों, अस्थायी दुकानों और सड़क किनारे रह रहे लोगों की जांच की गई। इस दौरान 25 संदिग्ध लोगों को पुलिस के डग्गा वाहन में बैठाकर संबंधित थानों में लाया गया, जहां उनकी पुस्तैनी जानकारी, पहचान पत्र, निवास सत्यापन और संदिग्धता के आधार पर पूछताछ की गई।

इनमें से अधिकांश व्यक्ति छत्तीसगढ़ के बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र आदि राज्यों के पाए गए, जिनके पास वैध दस्तावेज़ नहीं थे और वे वर्षों से जिले में अज्ञात पते और फर्जी परिचय पत्रों के आधार पर रह रहे थे। यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व भी 13 मई 2025 को इसी तरह की कार्यवाही में कुल 18 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धाराओं 128, 126, 135(3) एवं 170 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए थे।

### बगैर दस्तावेज व फर्जी दस्तावेज वालों को जिले में नहीं मिलेगी पनाह



पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह ने अभियान के अंत में सभी अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए स्पष्ट किया कि कबीरधाम में अब कोई भी व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के, या फर्जी नाम-पते से नहीं रह सकेगा। ऐसे अवैध प्रवासियों के खिलाफ हमारी कार्रवाई सतत जारी रहेगी। पुलिस सत्यापन अनिवार्य है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा केवल सीमाओं की निगरानी से नहीं, बल्कि भीतर छिपे हुए अवैध, संदिग्ध और फर्जी पहचान वाले लोगों की शिनाख्त और निष्कासन से सुनिश्चित होती है। कबीरधाम पुलिस अपील करती है कि यदि आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति, किरायेदार, मजदूर या दुकानदार है, जिसकी पहचान संदिग्ध है या पुलिस सत्यापन नहीं हुआ है – तो कृपया निकटतम थाना या डायल 112 को तत्काल सूचित करें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। यह आपकी, आपके परिवार और पूरे जिले की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

# आंगन में खिला ब्रम्ह कमल बना आस्था का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



नगर पंचायत निवासी डॉ. प्रेमकांत मिश्रा के घर आंगन में खिला बेहद ही दुर्लभ माना जाने वाला ब्रह्म कमल जहां परिजनो के लिए आस्था का केन्द्र बना हुआ है वहीं लोगों के लिए भी यह आस्था का केन्द्र बना हुआ है। जानकारों के मुताबिक ब्रह्म कमल का अर्थ ब्रह्मा का कमल है। इस फूल को उनके ही नाम पर रखा गया है। यह फूल मुख्य रूप से हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाता है। इस फूल को घर के ब्रह्म स्थान पर रखने से सुख समृद्धि में वृद्धि करता है। हिंदू धर्म में कमल फूल का विशेष महत्व है। कमल का फूल सभी देवी देवताओं को अर्पित किया जाता है। कमल के फूल कई तरह के होते हैं लेकिन उनमें सबसे ज्यादा चमत्कारी है ब्रह्म कमल का फूल होता है। ब्रह्म कमल का फूल साल भर में एक बार खिलता हैं और केवल चार से पांच घंटे के लिए खिला रहता हैं। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ब्रह्म कमल के फूल को खिलते हुए देख लेता है, उसके सौभाग्य में वृद्धि होती है और जिस घर में ब्रह्म कमल का फूल खिलता है, वहां मां लक्ष्मी हमेशा निवास करती हैं। ज्योतिष शास्त्र में ब्रह्म कमल फूल का महत्व बताते हुए कुछ उपाय भी बताए गए हैं। इन उपायों के करने से कभी धन की कमी नहीं होती है और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी बना रहता है। ब्रह्म कमल फूल को ब्रह्मदेव का रूप माना जाता है और जब यह फूल खिलता है तो भगवान विष्णु की आकृति इस फूल पर दिखाई देती है। मान्यता है कि शिव जी ने ब्रह्म कमल से ही जल छिड़ककर गणेश जी को जीवित कर दिया था इसलिए इसे जीवन देने वाला फूल भी माना जाता है।

### की गई ब्रम्ह कमल की पूजा अर्चना

अपने घर आंगन में ब्रम्ह कमल खिलने से गदगद डॉ. प्रेमकांत मिश्रा ने बताया कि यह पहला अवसर पर जब उनके घर में लगा ब्रम्ह कमल खिला है। उन्होने बताया कि वे ब्रम्ह कमल की कलम को जांजगीर चांपा से लेकर आए थे और अपने घर की क्यारी में लगा दिया था। करीब ढाई से तीन साल के बाद उसमें एक कली आई और तीन से चार दिनो में कली फूल बन गई। उन्होने इस बात को पुख्ता किया कि ब्रम्ह कमल खिलने के महज कुछ घंटे की रहता है और उसके बाद मुरझा जाता है। श्री मिश्रा ने बताया कि उनके घर में खिले ब्रम्ह कमल की जानकारी उन्होने अपने कुछ परिजनो और शुभचिंतकों को भी दी। जिन्होने घर पहुंचकर पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ ब्रम्ह कमल की पूजा अर्चना की है।

## बोड़ला की बेटी भारती मेरावी का बिलासपुर हॉकी अकादमी में चयनित



**बोड़ला।** एकलव्य खेल अकादमी बोड़ला की बेटी भारती मेरावी का खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर अकादमी में चयन हुआ है। एकलव्य खेल अकादमी बोड़ला के अध्यक्ष विजय पाटिल एवं कोच बृजेश चंद्रवंशी ने बताया कि खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर हॉकी अकादमी के लिए राज्य स्तरीय हॉकी का चयन ट्रॉयल प्रतियोगिता 29 अप्रैल से 30 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से हॉकी प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस हॉकी चयन ट्रॉयल प्रतियोगिता में एकलव्य खेल अकादमी बोड़ला के 13 बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें से 1 बालिका भारती मेरावी का चयन बिलासपुर हॉकी अकादमी के लिए हुआ। अब भारती अपने एक लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड में ट्रेनिंग लेगी। अब ये बालिका शासन के खर्च पर इस अकादमी में रहकर हॉकी की बारीकियों को सीखेगी और भारतीय महिला टीम में चयन होकर राज्य और देश का नाम रौशन करेगी। गौरतलब है कि पूर्व वर्ष 2023-24 में भी एकलव्य खेल अकादमी से 10 बालिकाओं का राज्य के अलग-अलग अकादमी में चयन हुआ है। जिसमें रायपुर अकादमी में 6 बालिकाएं व बिलासपुर अकादमी में 4 बालिकाएं चयनित हुई थी। वर्तमान में बोड़ला की गीता यादव भारत के लिए अर्जेंटीना में हॉकी खेलने गई है। अब ये बेटियां भी भारतीय महिला हॉकी टीम में जाने के लिए एस्ट्रो टर्फ में अपना जौहर दिखा रही है। इन बेटियों के मेहनत, लगन और प्रतिदिन की तैयारी को देखकर बोड़ला के थाना प्रभारी राजेश चण्ड ने बधाई दी है। एकलव्य खेल अकादमी के संरक्षक विदेशीराम धुर्वे, सह संरक्षक राम किंकर वर्मा, अध्यक्ष विजय पाटिल, ब्रजेश चंद्रवंशी कोच के मार्ग दर्शन से चयनित सभी बेटियों ने जिले एवं अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया उनकी इस उपलब्धि से बोड़ला नगर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शुरू किए 18 नए नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग ने देश में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए पिछले तीन महीनों में 18 नए नवाचार प्रारंभ किए हैं।

इनमें सुविधाजनक मतदान से लेकर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, प्रक्रियागत सुधार से लेकर निर्वाचन कार्यों में लगे अमलों की क्षमता बढ़ाने, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने से लेकर ईसीआई मुख्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने जैसे कई प्रभावी और अभिनव कदम शामिल हैं।भारत निर्वाचन आयोग ने नई पहल करते हुए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की है। ऊंची इमारतों एवं कालोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। मतदाता सूची के अद्यतनीकरण हेतु मृत्यु पंजीकरण का डेटा रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया डेटाबेस से सीधे प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अद्यतनीकरण किया जाएगा। आयोग ने मतदाता सूचना पर्चियों को और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने का भी निर्णय लिया है। अब इसमें मतदाता का क्रमांक और भाग संख्या अधिक स्पष्टता के साथ प्रदर्शित किए जाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग निवार्चन की संपूर्ण प्रक्रिया में हर स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ देशभर में 4719 बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में राजनीतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी दी है।

सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मिलाकर सीईओ स्तर पर 40, डीईओ स्तर पर 800 तथा ईआरओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ 3879 बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सवादी, एनपीपी की मौजूदगी रही है। राजनीतिक दलों के साथ अलग-अलग स्तरों पर बैठकों के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग प्रक्रियात्मक सुधारों की दिशा में भी सक्रियता से काम कर रही है। आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सुविधा के लिए नया एकीकृत डैशबोर्ड ईसीआईनेट शुरू किया गया है। इसमें सभी हितधारकों के लिए एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध हैं।

ईसीआई के 40 से अधिक एप्स एक ही प्लेटफार्म पर मौजूद हैं। इसके साथ ही डुप्लिकेट इपिक नंबर की समस्या के समाधान के लिए ईसीआई द्वारा अब विशिष्ट इपिक नंबर की नई प्रणाली लागू की गई है।

### साल में एक बार खिलता है ब्रम्ह कमल...



**कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला निवासी डॉ.प्रेमकांत मिश्रा के घर आंगन में खिला दुर्लभ ब्रम्ह कमल बना आस्था का केन्द्र।

## आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग, दिखी भक्ति, सामाजिक एकता व आध्यात्मिकता

# सात्विक चौका आरती के साथ संत समागम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर में 20 से 22 मई तक आयोजित संत समागम समारोह का भव्य समापन भानु प्रताप साहेब के कर कमलों से सात्विक चौका आरती के साथ किया गया। यह आयोजन संत कबीर दास जी के सिद्धांतों को समाज में प्रसारित करने के लिए गया था, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालुओं और संतों ने भाग लिया।

तीन दिवसीय इस संत समागम में प्रतिदिन प्रवचन, भजन-सत्संग, कलश यात्रा, शोभा यात्रा और सात्विक भंडारा जैसे कार्यक्रमों ने पूरे नगर को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कबीर दास के संदेशों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना था। आयोजन में सुबह से गुरु महिमा के पाठ से अध्यात्मिक संदेश देने का



काम बाहर से पहुंचे संत महंतो ने प्रमुखता के साथ किया। समारोह में कवर्धा विधानसभा के विधायक व गृह मंत्री विजय शर्मा, लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल तथा पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू अशोक साहू ने उपस्थित होकर आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और समाज को एकता तथा संत परंपरा के पथ पर चलने का आह्वान किया।

### कलश यात्रा बनी लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र

कबीर कुटी से कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई कलश यात्रा और शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाओं और बच्चियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। पूरे मार्ग को फूलों से सजाया गया था और भजन मंडलियों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से यात्रा को भव्यता प्रदान की। कबीर दास जी के भजनों में लोग डीजे की धुन में नाचते व झूमने लगे थे शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

# बंदर का शिकारी गिरफ्तारी के बाद मुचलका पर रिहा, वन विभाग को मिला सिर्फ एक मृत बंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देर से ही सही पर जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दरिगंवा में वन्यप्राणी बंदरों का शिकार करने वाले आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक गत 22 मई को सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम दरिगंवा में कुछ बाहरी व्यक्तियों के द्वारा एयरगन का उपयोग कर बंदरो का शिकार किया जा रहा है। इस बात की सूचना प्राप्त होते ही वन मण्डलाधिकारी, कवर्धा एवं उप वनमण्डलाधिकारी, सहसपुर लोहारा के निर्देशानुसार वन विभाग की टीम को ग्राम दरिगंवा पहुंचकर स्थल पर जाकर मौका मुआयना किया गया जहां मौके पर एक नर बंदर मृत अवस्था में पाया गया। वन विभाग की



टीम द्वारा मृत बंदर को अपने सुपुर्द में लिया गया। मौके पर एयर गन से बंदरो को मारने वाले 3 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमें आरोपी सरवन नट पिता सियाराम नट निवासी ग्राम धमकी, भारत नट पिता ईश्वरी नट निवासी ग्राम बम्हनी एवं युवराज नट पिता सरवन नट निवासी ग्राम धमकी शामिल हैं। सभी अपराधियों को वन परिक्षेत्र कार्यालय सहसपुर लोहारा लाया गया एवं अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20792/10 पंजीबद्ध किया गया। अपराध कायम उपरांत सभी अपराधियों का मुचलका पर छोड़ा गया हैं। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। वहीं ग्रामीण इस कार्यवाही को अधूरी मान रहे है ग्रामीणों का कहना है कि उस व्यक्ति पर भी कार्यवाही होनी चाहिए जिसने शिकारियों को बंदर का शिकार करने बुलाया था। शिकारियों ने एक बंदर का नहीं बल्कि करीब दर्जनभर बदांरों का शिकार किया था।